




राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ








वर्ष 06, अंक 234 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024 | www.samaydarshan.in


भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में मारी टक्कर,10 मजदूरों की मौत

उत्तर प्रदेश/ एजेंसी



मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा हो गया. यहां कछवां थाना क्षेत्र के कटका गांव के पास वाराणसी-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली के परखच्चे उड़ गए और ट्रैक्टर नाले में पलट गया. हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 10 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए. सभी को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है. भदोही से मजदूर छत की ढलाई कर ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार होकर वाराणसी के रामसिंहपुर मिर्जामुराद अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हो गया. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया. पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है. मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा. हादसे में जान गंवाने वाले सभी मजदूर वाराणसी के रहने वाले हैं. मृतकों में भानू प्रताप, विकास कुमार, अनिल कुमार, सूरज कुमार, सनोहर, राकेश कुमार , प्रेम कुमार, राहुल कुमार , नितिन कुमार और रोशन कुमार का नाम शामिल हैं. वहीं, घायलों में आकाश कुमार, जमुनी और अजय सरोज शामिल हैं. ये सभी बीरबलपुर मिर्जामुराद और रामसिंहपुर मिर्जामुदार गांव के रहने वाले थे.

ये हादसा गुरुवार रात एक बजे के करीब हुआ है. पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी. इस हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई।

जवानों का बड़ा ऑपरेशन

# एनकाउंटर में 30 नक्सली ढेर,भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

नारायणपुर/ समय दर्शन



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले के बॉर्डर में शुक्रवार को सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली। सुरक्षाबलों के जवानों ने मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को मार गिराया। जानकारी के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के पास से जवानों को बड़ी संख्या में ऑटोमैटिक हथियार भी मिले हैं। नक्सलियों के पास एके 47 भी बरामद हुई है। फिलहाल इलाके के सर्चिंग अभियान जारी है। ऑपरेशन में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। एनकाउंटर की पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में हुई। उन्होंने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा में स्थित अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले से सुरक्षाबल के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोपहर लगभग एक बजे नक्सलवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने अब तक सात नक्सलियों के शव, एके 47 और एसएलआर समेत कई अन्य हथियार बरामद किये हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। जानकारी के अनुसार, अबूझमाड़ में 2 घंटे से रुक-रुककर फायरिंग हो रही थी। इसके बाद जब फायरिंग पूरी तरह रुकी तो सुरक्षा बल के जवानों ने सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान चलाया तो नक्सलियों के शव बरामद हुए। नक्सलियों के पास से ऑटोमैटिक हथियार बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों की एक दिन पहले नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले से जवानों को नक्सलियों की सूचना मिली थी उसके बाद जवानों को नक्सल ऑपरेशन पर भेजा गया था। शुक्रवार को सीएम विष्णुदेव साय भी बस्तर दौरे पर हैं। सीएम के साथ विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह और वन मंत्री केदार कश्यप भी मौजूद थें। सीएम ने दंतेवाड़ा में कई सौगातें दी थीं। दंतेवाड़ा पहुंचने के साथ ही सीएम विष्णुदेव साय वे मां दंतेश्वरी के दर्शन किए थे। 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी भी मुठभेड़ जारी है। रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। 24 से ज्यादा भी नक्सलियों के मारे जाने की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है। फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है। सूत्रों की माने तो करीब 30 नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं। जानकारी के मुताबिक जवान नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। क्षेत्र में रुक- रुक कर गोलीबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है।

### 14 नक्सलियों के शव बरामद

14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। अभी भी मुठभेड़ जारी है। रात होने की वजह से पुलिस मुठभेड़ में कुल कितने नक्सली मारे गए हैं यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है। 24 से ज्यादा भी नक्सलियों के मारे जाने की संख्या बढ़ सकती है। बताया जा रहा है कि इस मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों की संख्या और बढ़ सकती है फिलहाल पूरे इलाके में सर्चिंग जारी है। सूत्रों की माने तो करीब 30 नक्सली इस मुठभेड़ में ढेर हुए हैं।

### सभी जवान सुरक्षित

जानकारी के मुताबिक जवान नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना वाली जगह पर पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवाबी कार्रवाई में 30 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। क्षेत्र में रुक- रुक कर गोलीबारी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है।

### सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी-आईजी

बस्तर संभाग के आईजी पी. सुंदरराज के मुताबिक 14 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। पूरा अपडेट आने में समय लगेगा क्योंकि रात का समय है। रुक-रुक कर दोनों तरफसे फायरिंग हो रही है। एक-47, एसएलआर समेत कई अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में नक्सलियों के जमा होने की सूचना है। इस मुठभेड़ में कई इनामी नक्सलियों के भी मारे जाने की खबर है। दूसरी ओर नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को भी पुलिस ने ध्वस्त कर दिया है। कल सुबह तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।





प्रिय शेयरधारक,

बहुत खुशी और जिम्मेदारी की गहरी भावना के साथ मैं आपको आपकी कंपनी–एनएमडीसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में संबोधित कर रहा हूं, जो भारतीय खनन उद्योग की आधारशिला है। आज जब हम गतिशील बाजार परिदृश्य और वैश्विक आर्थिक बदलावों से गुजर रहे हैं, मैं एक ऐसी कंपनी का नेतृत्व करने के लिए सम्मानित अनुभव करता हूं जो अपने लचीलेपन, नवाचार और सतत विकास की प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है। एनएमडीसी जिम्मेदार खनन के लिए समर्पित है, इसका लक्ष्य सुस्थिर रूप से खनन करना, पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना, सामाजिक पहलों में निवेश करना और देश की लोहे और इस्पात की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 24 में लौह अयस्क का ऐतिहासिक परिमाण प्राप्त किया। यह एक ऐसी उपलब्धि है जो लम्बे समय तक इसकी मजबूती के प्रमाण के रूप में प्रतिध्वनित होगी और साथ ही, कंपनी और उद्योग के भविष्य का निर्धारण करेगी। वित्तीय वर्ष 2023–2024 में 45 मिलियन टन के स्तर को पार करके हमारी विरासत वास्तव में समृद्ध हुई है। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने खनिज सुरक्षा को मजबूत करने के देश के सपनों को साकार करना जारी रखा।

इस यात्रा में, एनएमडीसी ने इस क्षेत्र की आवर्ती अस्थिरता को कम किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल ताकत को बढाया है, अपने वित्तीय लचीलापन को मजबूत किया है, और अपने हितधारकों को लाभ प्रदान करने के लिए अथक प्रयास किया है। जब हम वित्त वर्ष 24 पर विचार करते हैं, तो मुझे कंपनी की उपलब्धियों, चुनौतियों और रणनीतिक विजन को आपके साथ साझा करने में गर्व महसूस होता है। एनएमडीसी की परिचालन उत्कृष्टता, वित्तीय विवेक और रणनीतिक गतिशीलता हितधारकों के विश्वास के साथ मिलकर कंपनी को सतत विकास में सबसे आगे रख रही है।

**भौतिक और वित्तीय प्रदर्शन**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ वार्षिक भौतिक प्रदर्शन दर्ज किया और 45.02 मिलियन टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन लौह अयस्क की बिक्री की। कंपनी ने वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10% की वृद्धि और बिक्री में 16% की वृद्धि दर्ज की।

यह उपलब्धि वित्त वर्ष 24 में रु. 21,294 करोड़ राजस्व अर्जन के एक मजबूत वित्तीय प्रदर्शन में परिवर्तित हुई जो वित्त वर्ष 23 में प्राप्त राजस्व पर 21% की वृद्धि दर्शाता है। कार्यनीतिक वित्तीय योजना और मूल्य निर्धारण तंत्र के कारण वित्त वर्ष 24 में रु. 5,632 करोड़ का कर पश्चात लाभ और असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ रु. 8,294 करोड़ का हुआ, जिससे गत वर्ष की इसी अवधि पर कर पश्चात लाभ में 2% और कर पूर्व लाभ में 30% की वृद्धि हुई।

वित्त वर्ष 24 के लिए, एनएमडीसी का ईबीआईटीडीए रु. 8,709 करोड़ था, जो पिछले वित्त वर्ष से 28% की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी का 2023–24 में प्रचालनगत लाभ मार्जिन 34% रहा।

कंपनी का अब तक का सबसे अधिक पूंजीगत व्यय रु 2,066 करोड़ वित्त वर्ष 24 में क्षमता निर्माण के लिए किया गया था, जो कैपेक्स लक्ष्य रु. 1,769 करोड़ से 17% अधिक था। एनएमडीसी का स्टैंडअलोन नेटवर्थ (एनएसएल के डिमर्जर के बाद) वित्त वर्ष 24 में रु. 25,000 करोड़ का आंकड़ा पार कर गया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिरता और विकास में निवेश करने और हितधारकों के लिए मूल्य सृजित करने की क्षमता और अधिक मजबूत हुई।

**प्रचालनगत विशिष्टिताएं**

एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खानों–छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली और कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना अबतक का उच्चतम वार्षिक उत्पादन किया। पेलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का भी हल किया गया, जिससे वित्त वर्ष 24 में पेलेट उत्पादन 2.65 लाख टन के सर्वोच्च स्तर पर रहा, जो संयंत्र के चालू होने के बाद से सबसे अधिक है।

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एनएमडीसी ने निकासी क्षमता को बढ़ावा देने और और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने के लिए अपने कुमार मारेंगा स्टॉकयार्ड से परिचालन शुरू करके और अपने किरंदुल परिसर में 10 एमटीपीए रैपिड वैगन लोडिंग सिस्टम को लागू करके एक रणनीतिक कदम उठाया। ये घटनाक्रम उस व्यवसाय मॉडल की एक झलक देते हैं जिससे कंपनी अपनी क्षमता को दोगुना करने के लिए अंतिम रूप दे रही है।

वित्त वर्ष 24 में एक अन्य महत्वपूर्ण विकास मध्य प्रदेश के पन्ना में हीरे की खानों में परिचालन को फिर से शुरू करना था, जिससे हमारे खनिज पोर्टफोलियो में विविधता लाने वाली एक ऐतिहासिक संपत्ति को पुनर्जीवित किया गया। विस्तार और विविधीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि कंपनी की सहायक कंपनी, लिगेसी आयरन ओर लिमिटेड के माध्यम से वित्त वर्ष 24 में पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के माउंट सेलिया में स्वर्ण खनन शुरू करने के साथ प्राप्त हुई। लिगेसी ने माउंट बेवन में मैग्नेटाइट संसाधनों की क्षमता को अनलॉक करने और ऑस्ट्रेलिया में लिथियम जैसे रणनीतिक हित के खनिजों का पता लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

दक्षता, पारदर्शिता और व्यापार करने में आसानी बढ़ाने की दिशा में, एक नई संगठनात्मक संरचना–'वर्क्स ऑर्गनाइजेशन' की अवधारणा बनाई गई और उसका कार्यान्वयन सभी प्रमुख पूंजीगत परियोजनाओं की नजदीकी निगरानी और समय पर निष्पादन के लिए किया गया।

**जलवायु परिवर्तन पर प्रतिक्रिया**

एनएमडीसी पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी टिकाऊ और कुशल खनन परम्परा का लाभ उठाने और उसे बढ़ाने की योजना बना रहा है और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने के भारत के लक्ष्य के साथ संरेखित कर रहा है।

कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए, एनएमडीसी सड़क मार्गों के बजाय स्लरी पाइपलाइनों और रेलवे के माध्यम से पर्यावरण के अनुकूल अयस्क परिवहन की ओर बढ़ रहा है। इस दिशा में प्रगति चल रही है, किरंदुल–कोथावलसा रेलवे लाइन का दोहरीकरण वित्त वर्ष 25 में पूरा होने की उम्मीद है और नगरनार से होकर बचेली से विशाखापत्तनम तक 15 एमटीपीए स्लरी पाइपलाइन बिछाने का कार्य वित्ते वर्ष 27 में पूरा करने की उम्मीद है। एनएमडीसी स्लरी पाइपलाइन मार्ग के साथ 2 एमटीपीए पैलेट प्लांट और 10 एमटीपीए बेनिफिकेशन प्लांट का निर्माण कर रहा है, जिसमें शून्य अपशिष्ट खनन की दिशा में एक कदम के रूप में अपने पारिस्थितिकी तंत्र में ब्लेंडिंग यार्ड शुरू करने की योजना है।

कंपनी सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं में भी निवेश कर रही है, जबकि अक्षय ऊर्जा क्षेत्रों और हरित भारत को बढ़ावा देने के लिए लिथियम और कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के खनन के अवसरों की तलाश कर रही है।

**ईएसजी प्रदर्शन**

एनएमडीसी जीएचजी उत्सर्जन को कम करने, अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण को बढ़ाने, ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन करने और जैव विविधता के संरक्षण के प्रयासों को तेज कर रहा है। हमने अपने मूल्य श्रृंखला उत्सर्जनों की सावधानीपूर्वक जांच करने के लिए एक स्कोप 3 ग्रीनहाउस गैस इन्वेंटरी विकसित की है। हमारी जैव विविधता संरक्षण पहल निरंतर मजबूत हो रही है क्योंकि हम प्राकृतिक वास को बहाल करने और पारिस्थितिक तंत्र को संरक्षित करने के लिए राज्य वन विभागों के साथ सहयोग करते हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यावरणीय संरक्षण में योगदान देते हुए, एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड को अपनी तरह की पहली मोबाइल पर्यावरण प्रयोगशाला प्रदान की।

कंपनी की परिवर्तनकारी सीएसआर पहल हमारे लिए गर्व और उद्देश्य का स्रोत है। महिलाओं को सशक्त बनाने से लेकर युवाओं का कौशल बढ़ाने तक, रोजगार के अवसर पैदा करने से लेकर सार्वजनिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने तक, भारत के दूर–दराज के इलाकों में प्रगति को सक्षम बनाने में एनएमडीसी निरंतर एक मजबूत स्तंभ रहा है। हमारी प्रमुख सामाजिक पहलों–शिक्षा सहयोग योजना और बालिका शिक्षा योजना ने उच्च शिक्षा और नर्सिंग शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति के साथ हजारों आदिवासी बच्चों की जीवन–यात्रा को सशक्त बनाया है, जिससे वे अपने समुदायों में बदलाव के कारक बन गए हैं। इस दृष्टिकोण ने एजुकेशन सिटी, हॉस्पिटल ऑन व्हील्स, स्पोर्ट्स अकादमियों और बुनियादी ढांचे को आगे बढाया जो सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अवसर सुनिश्चित करता है।

यह मजबूत परम्परा एक प्रतिबद्ध कार्यबल द्वारा बनाई गई है। हम एनएमडीसी कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और गरिमा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। मजबूत सतर्कता संरचनाओं, सुरक्षा प्रोटोकॉल, सामूहिक सौदेबाजी में शामिल होने और संलग्न होने की स्वतंत्रता के साथ–साथ शिकायत निवारण तक पहुंच ने एक प्रगतिशील और सशक्त कार्यस्थल बनाया है।

स्थापना दिवस 2023 पर, एनएमडीसी ने हमारी कंपनी की प्रगति की प्रेरक शक्ति हमारे कर्मचारियों के असाधारण योगदान का जश्न मनाने और उन्हें सम्मानित करने के लिए 'सीएमडी उत्कृष्टता पुरस्कार' की स्थापना की।

**कॉर्पोरेट प्रशासन**

**एनएमडीसी कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों को कायम रखता है और हमारे सभी कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करता है। कॉर्पोरेट प्रशासन केवल एक नियामक आवश्यकता नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति का एक मूलभूत स्तंभ है, जो हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के लिए हमारे कार्यों और निर्णयों का मार्गदर्शन करता है।**

**प्रगति और समृद्धि की ओर**

एनएमडीसी 2.0 के युग में आगे बढ़ने के साथ हम वित्त वर्ष 2025 में 50 मिलियन टन लौह अयस्क की आपूर्ति करने की तैयारी कर रहे हैं। यहां से आगे हमारी यात्रा एक महत्वाकांक्षी विकास नीति द्वारा निर्देशित होगी। हम अपनी मौजूदा लौह अयस्क खानों से अपनी उत्पादन क्षमता को 72 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए क्षमता विस्तार और नए बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहे हैं, साथ ही, एनसीएल (एनएमडीसी सीएमडीसी लिमिटेड) जेवी खानों को भी विकसित कर रहे हैं ताकि 28 मिलियन टन अतिरिक्त योगदान दिया जा सके। हमारी आंतरिक शक्तियों का उपयोग और बाधाओं का अनुकूलन 2030 तक 100 मिलियन टन उत्पादन क्षमता प्राप्त करने के हमारे दृष्टिकोण को साकार करने के दो कारक हैं।

यह योजना 2030 तक भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता को 300 मिलियन टन तक बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय इस्पात नीति के विजन के अनुरूप है। एनएमडीसी का 100 मिलियन टन उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आवश्यक ~ 430 मिलियन टन कच्चे माल का एक चौथाई हिस्सा होगा।

एनएमडीसी 100 मिलियन टन खनन कंपनी बनने की दिशा में मशीनरी, सामग्री और जनशक्ति नियोजन के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदल रहा है। नवाचार और डिजिटलीकरण इस परिवर्तन के प्रमुख सिद्धांत हैं। एक फौलादी इरादे के साथ हम सुचालित उपकरणों और अत्याधुनिक खनन प्रणालियों, जैसे कि स्वचालित नमूनाकरण, फ्लीट प्रबंधन और रैपिड वैगन लोडिंग में निवेश कर रहे हैं । ये प्रौद्योगिकियां उत्पादकता और दक्षता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करती हैं, जो हमें वैश्विक खनन शक्तियों में स्थान दिलाती हैं।

एनएमडीसी की उपलब्धियों को अगस्त, 2023 में अनावरण किए गए हमारे नए लोगो में एकीकृत प्रतिनिधित्व मिलता है। यह लोगो एनएमडीसी में जिम्मेदारी के एक नए युग की शुरुआत करता है और एनएमडीसी 2.0 की भावना को व्यक्त करता है

हमारे उद्योग के विकास और नवाचार को निरंतर बढ़ावा देने वाले वातावरण के सृजन में निरंतर समर्थन के लिए भारत सरकार के प्रति हम आभार व्यक्त करते हैं। हमारे मूल्यवान ग्राहकों, बैंकों, शेयरधारकों, सहयोगियों और वैश्विक भागीदारों के विश्वास, सहयोग और निरंतर साझेदारी के लिए मैं उनके प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। हमने एक साथ मिलकर चुनौतियों को पार किया है और ऐतिहासिक मील के पत्थर हासिल किए हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे सामूहिक प्रयास से हम निरंतर प्रगति करते रहेंगे। एनएमडीसी की यात्रा में आपके अमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद।

वित्त वर्ष 24 के लिए हमारी उपलब्धियां सराहनीय हैं, लेकिन आगे के मार्ग में संभावनाएं और चुनौती दोनों ही हैं। हमारी दिशा प्रगति – नवाचार, स्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के सुदृढ भविष्य की ओर संकेत करती है ।

जय हिंद

**अमिताभ मुखर्जी**
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार)

*नोटः 27 सितंबर, 2024 को आयोजित एनएमडीसी की 66वीं वार्षिक आम बैठक में सीएमडी के भाषण के कुछ अंश*




एनएमडीसी


NMDC

रजि. कार्यालयः खनिज भवन 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028, भारत। www.nmdc.co.in

/nmdclimited

## संक्षिप्त समाचार

### शक्तिधाम महाकाली मंदिर में 51 ज्योति कलश प्रज्वलित



**राजनांदगांव।** शहर के बाबुटोला वार्ड नंबर 1 में स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर में शारदीय नवरात्र का पर्व मनाया जा रहा है। इस वर्ष मंदिर में 51 मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किया गया है। वहीं माँ महाकाली का मनमोहक सौम्य स्वरूप भक्तों को स्वआकर्षित कर रही ही प्रथम दिवस माँ महाकाली की दर्शनाथ श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर के प्रमुख श्री हरीश जी ने बताया कि गतवर्ष 31 ज्योत ही जलाई जाती थी, परंतु श्रद्धालुओं की मंदिर के प्रति आस्था के चलते ज्योति कलश बढ़ती जा रही है। जहां पिछले वर्षों में 31 ज्योत थी, इस वर्ष बढ़कर 51 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। मनोकामना ज्योत स्थानीय से अधिक जिले व अन्य जिलों से भी भक्त ज्योतिकलश जलाने मां महाकाली के दरबार में अर्जी लगा रहे है। उन्होंने बताया कि शक्तिधाम में मां का अघोर पद्धति से महाआरती किया जाता है, जो जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में शक्तिधाम में ही इस पद्धति से आरती किया जाता है, जिसमें श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो रहे हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक की 'बॉस-बिगेस्ट ओला सीज़न सेल' शुरू हुई, एस1पोर्टफोलियो 49,999 रुपये से शुरू, जिसके साथ मिलेंगे 40,000 रुपये तक के फेस्टिव ऑफर

**बैंगलुरू:** भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीज़न सेल, बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ ही, कंपनी ने 40,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की है, जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस+ अपग्रेड, एक्सेसरीज़ पर एक्सक्लुसिव डील और केयर+ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल, चेयरमैन एवं एमडी, ओला इलेक्ट्रिक ने कहा, ''हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना सश्वठ्ठस्त्रद्धष्टश्चद्दद्ग मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं। सबसे बड़े डिस्काउंट, सबसे अच्छी डील्स और आकर्षक फाईनेंसिंग ऑफरों के साथ यह महंगे पेट्रोल वाहनों को पीछे छोड़ते हुए ईवी के विस्तार के लिए सबसे अच्छा समय है।'' पिछले महीने ओला इलेक्ट्रिक ने अपने नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम की घोषणा की, जिसका उद्देश्य भारत में इसके सेल्स और सर्विस नेटवर्क का विस्तार करना है। इस प्रोग्राम के अंतर्गत ओला इलेक्ट्रिक की योजना 2025 के अंत तक अपने नेटवर्क को बढ़ाकर 10,000 तक ले जाना है।

### सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी S24 FE किया लॉन्च, अब अधिक यूजर्स उठा सकेंगे गैलेक्सी एआई की क्षमताओं का लाभ; प्री-बुकिंग पर पाएं रोमांचक ऑफर

**गुरुग्राम:** भारत के सबसे बड़े कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज गैलेक्सी S24 FE लॉन्च किया है। यह गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का नया प्रोडक्ट है, जो ज्यादा से ज्यादा यूजर्स को शानदार मोबाइल अनुभव देता है। गैलेक्सी S24 FE में एआई-बेस्ड प्रोविजुअल इंजन और फोटो असिस्ट फीचर के साथ एडवांस्ड कैमरा सेटअप दिया गया है, जिससे यूजर्स अधिक क्रिएटिव बन सकते हैं। इसमें 6.7-इंच का डायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्ले, 4,700mAh बैटरी और पावरफुल एक्सिनॉस 2400 सीरीज चिपसेट है, जो चलते-फिरते गेमिंग का बेहतरीन अनुभव देता है। यह डिवाइस कम्युनिकेशन, उत्पादकता और क्रिएटिविटी बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल्स और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी के साथ आता है। साथ ही, इसका आइकॉनिक डिजाइन और मजबूत सैमसंग नॉक्स सिक्योरिटी इसे पूरी तरह से सुरक्षित बनाते हैं।

**एआई से बेहतर कैमरा और एडिटिंग की सुविधा-** गैलेक्सी स24 स्नश्च का प्रीमियम कैमरा सेटअप में 50MP वाइड लेंस (3× ऑप्टिकल जूम) और 8स्क्क टेलीफोटो लेंस शामिल हैं, जो ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइजेशन (OIS) सपोर्ट करते हैं।

# सांसद रूपकुमारी चौधरी ने की गांधी की प्रतिमा का अनावरण

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का भी की शुभारंभ



**सरायपाली ( समय दर्शन )।** गांधी जयंती के अवसर पर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लंबर स्कूल परिसर में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ मालती तिवारी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी पटेल, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, समाजसेवी अनीता चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, दुर्गा शिक्षण सेवा समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह तोमर, भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ की गई। अतिथियों का पुष्प एवं माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा स्कूल परिसर में स्थापित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण तथा महात्मा गांधी के चरणों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मुख्य अतिथि के आसंदी से रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि परिसर के सामने विवेकानंद जी की मूर्ति स्थापित है और बगल में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का आज अनावरण हो रहा है। इन मूर्तियों को देखकर विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। छात्रों की ओर मुखातिब होते हुए उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आज के इस कार्यक्रम में छात्रों ने गीत, संगीत, नृत्य, चित्रकला एवं रंगोली के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। ऐसी प्रतिभाएं गांव में छुपी हुई है। जिसे निखारने का काम विद्यालय में होता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज की बेटियां सिर्फ चूल्हे चौके तक सीमित नहीं हैं बल्कि आसमान की ऊंचाइयों को छूने बेताब हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों को प्रोत्साहन मिलता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सफलता के लिए आत्मविश्वास सबसे जरूरी चीज है। किसी को किसी से तुलना नहीं करनी चाहिए हर कोई अपने आप में श्रेष्ठ है इस भावना के साथ कार्य करने से सफलता उसके कदम चूमती है।

उन्होंने स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में कहा कि विद्यालय परिसर को देखकर लगता है कि यहां के विद्यार्थी और शिक्षक स्वच्छता के प्रति कितने समर्पित हैं। आज इस स्कूल परिसर से ही स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। सन 2014 में जब लाल किले से प्रधानमंत्री ने शौचालय की बात की तो विरोधी कहते थे कि शौचालय की बात लाल किले से की जा रही है। आप सब जानते हैं कि पहले गंदगी की वजह से सड़क किनारों से होकर गुजरना भी मुश्किल था। शौच के लिए बहू बेटियों को शर्मिंदगी झेलनी पड़ती थी मगर आज हर घर में शौचालय बनाकर प्रधानमंत्री ने एक इतिहास रचा है। यह सब मोदी की सोच से ही संभव हुआ है। पहले झाड़ू पकड़ने के काम को छोटा समझते थे मगर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झाड़ू पकड़ कर निकले तो पूरा भारत उनके साथ चलने को तैयार हो गया। जिसके परिणामस्वरूप आज गांव की गलियां सड़कें कितनी साफ सुथरी नजर आती है। कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता बशर्ते काम को ईमानदारी और निष्ठा के साथ किया जाए। डॉ मालती तिवारी ने गांधी प्रतिमा के अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। रुक्मणी पटेल ने प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत की। इस अवसर प्रतिमा स्थापित करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले बजरंग अग्रवाल एवं लालचंद अग्रवाल का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

आज के कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता बिहारी अग्रवाल, कमलेश चौरसिया, अंगद साहू, उत्तर निषाद, मदन चौरसिया, श्याम सुंदर चौधरी, रघुराम पटेल, गणेशराम पटेल, बनीत राम सिदार, कृष्ण कुमार पटेल , दुखी श्याम पटेल, मनबोध मिरी, युवराज सिदार, जागेश्वर चंद्रा ,कन्हैया पटेल, बड़े साजापाली प्राचार्य युएस पटेल, हाई स्कूल रोहिना प्राचार्य अजय जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, दिलीप प्रधान, सीता सिंह, उस्ताद अली,अमित चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण छात्र-छात्र एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरके पटेल ने एवं आभार व्यक्त प्राचार्य जीपी पटेल ने की।

## गांधी जयंती, नशामुक्ति कार्यक्रम 25 वर्ष पूर्ण



**भूकेल (समय दर्शन)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों को जनमानस तक पहुंचाने एवं नशामुक्त भारत निर्माण हेतु कृत संकल्पित गांधी आदर्शवादी सेवा समिति बरडीह के तत्वाधान में आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया 7

सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।

गांधी आदर्शवादी सेवा समिति की स्थापना सन 2000 को (प्रथम बार 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन) और आज 25 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर समिति द्वारा प्रखर अग्रवाल संस्थापक (संगम सेवा समिति) सरायपाली के करकमलों से नशामुक्त भारत निर्माण का संदेश पत्र (पंपलेट )एवं उपस्थित लोगों एवं राहगीरों को पेन (कलम) प्रदान किया गया । समिति के संस्थापक दुखनाशन प्रधान , अध्यक्ष चंद्रहास प्रधान उपाध्यक्ष तिलकराम पटेल द्वारा बुजुर्गों को शाल, श्रीफल ,पुस्पहार तथा तिलक लगाकर सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

समिति के संयोजक दुखनाशन प्रधान ने बताया कि लगातार 25 वर्षों तक एवं नशामुक्ति कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ,पदाधिकारीयों द्वारा जो सहयोग दिया जा रहा है अवश्य ही नशामुक्त भारत निर्माण के लिए कारगर साबित होगी । आगे उन्होंने कहा जिस विषम परिस्थिति एवं अनेक समस्याओं का सामना कर समिति द्वारा नशा उन्मूलन के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है हमें अवश्य सफलता मिलेगी । 25 वर्ष पूर्ण होने के खुशी पर समिति द्वारा अक्टूबर महीना में सिल्वर जुबली मनाया जाएगा जिसमें 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं नशा उन्मूलन कार्यक्रम में जिन्होंने भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया है उनकी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा । लगातार 25 वर्षों तक हमारे समिति की संदेशों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए पत्रकार गणों द्वारा जो हमारा सहयोग प्रदान किया गया है उनकी सहमति एवं उनके उपस्थित पर ही कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गांधी आदर्शवादी सेवा समिति के संयोजक दुखनाशन प्रधान, अध्यक्ष चंद्रहास प्रधान, उपाध्यक्ष तिलक राम पटेल , सचिव भवभजन प्रधान, कान्हूचरण प्रधान, राजकुमार भोई, निमाई चरण साहू, शुक्लचरण प्रधान, करण विशाल,तुषार विशाल , आदित्य प्रधान, भोजराज भोई, कान्हा सराफरोशन गड़तिया, जाधव प्रधान, पुरूषोत्तम प्रधान, माधव प्रधान,कृष्णा सराफ किंचक महापात्र,अग्निकुमार सराफ भजमन बारीक, परक्षित प्रधान,बलवंत प्रधान रमन प्रधान, मयंक गढ़तीया, श्रीकांत बारीक,निखिल प्रधान,कुबेर बारीक ,निलेश प्रधान,जगन्नाथ सराफ सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## दुर्गा प्रतिमा स्थापना के साथ शिरीष पाठ में दीप प्रज्वलित विधि विधान से की गई प्राण प्रतिष्ठा पूजा

**जांजगीर चांपा/पामगढ़ ,समय दर्शन ,,,/** जिले की प्रमुख देवी मंदिर शिरीष पाठ धाम में नव निर्मित मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजा के साथ दीप प्रज्वलित हो गया है । ज्ञात हो कि जिले की पामगढ़ के समीप डोंगाकोहरौद में दंतकथा पर आधारित देवी मंदिर शिरीष पाठ स्थित है , जहां शिरीष पेड़ में काला चूड़ी व फीता बांधकर मन्नत मांगने की परंपरा प्राचीन काल से रहा है , आज वहां माता की मंदिर के साथ शिव पार्वती मंदिर , हनुमान मंदिर , शनि मंदिर , सतबहनिया मंदिर का निर्माण हो गया है तथा नवरात्र के दोनो पर्वों पर बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्वलित कराए जाते हैं । वहां



इस वर्ष मंदिर परिसर में विशाल मां दुर्गा की प्रतिमा नव जागरण शिरीष कल्याण समिति द्वारा निर्मित कराया गया है , जिसका प्राण प्रतिष्ठा पूजा शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस कर भक्तों की दर्शन पूजन के लिए समर्पित किया गया । प्राण प्रतिष्ठा पूजा के बाद मनोकामना ज्योत भी विधि विधान से किया गया है जहां बड़ी संख्या में मनोकामना दीप भक्तों द्वारा प्रज्वलित कराई गई है जिसमें तेल ज्योती 231, घृत ज्योत 14 के साथ मंदिर समिति की ज्वारा ज्योत शामिल है । प्राण प्रतिष्ठा पूजन व दीप प्रज्जवलन में आचार्य भोला चौबे के साथ यजमान श्रीमती प्रार्थना देवकुमार पाण्डेय अध्यक्ष नव जागरण शिरीष कल्याण सेवा समिति ,गांव के मालगुजार संतोष कौशिक , समिति के संरक्षक राधेश्याम कश्यप , प्रमुख पदाधिकारी बरसन कश्यप , सुमन कश्यप , धनेंद्र कौशिक , छोटेलाल साहु , कलेश्वर पटेल, माखन कश्यप , दशरथ धीवर , सचिव जोहन पटवा , कोषाध्यक्ष रामकृष्ण कश्यप , मंदिर पुजारी हरीलाल धीवर , शुकालु साहु सहित अन्य मौजूद रहे ।

## कलेक्टर लंगेह ने राइस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग में तेजी लाने पर दिया जोर

### जल्द से जल्द चावल जमा कराने के दिये निर्देश

### कस्टम मिलिंग अंतर्गत सम्पूर्ण चावल जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर




**महासमुंद ( समय दर्शन )/** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 मे उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने के संबंध में बैठक ली। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा. खा.ना.) सहित धान खरीदी केन्द्रों के प्रभारी और राईस मिलर्स मौजूद थे। बैठक में खाद्य अधिकारी श्री संजय शर्मा ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के बाद 523324 मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके विपरीत अब तक जिले के 197 पंजीकृत राईस मिलर्स द्वारा 379272 मीट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री लंगेह ने 16 मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल जमा करने के लिए स्टेक आबंटित कराने के बावजूद 15 दिन से अधिक समय में चावल जमा न करने साथ ही जिले के 18 राइस मिलर्स द्वारा जमा योग्य चावल की मात्रा का 50 प्रतिशत से कम चावल जमा किया है, पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी मिलर्स को अपनी मिलिंग क्षमता के अनुसार भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति कस्टम मिलिंग का चावल शीघ्रता से चावल जमा करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित समय सीमा का पालन किया जा सके। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक और मिलर्स आपसी समन्वय से कार्य करें। जिससे किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। बैठक में राईस मिलर्स ने एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने के दौरान आ रही परेशानियां से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मिलर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। मिलर्स ने समितियों से उठाए गए धान की कमी की शिकायत भी की, जिसके समाधान हेतु कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया। शेष चावल जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 निर्धारित की गई है।

# सृष्टि को बनाना और बिगाड़ना शिक्षक के हाथ में हैः प्रो अनुसुइया

**सरायपाली (समय दर्शन)।** उपरोक्त विचार श्री अग्र शिरोमणि संस्था, सरायपाली के तत्वाधान में कल आयोजित *शिक्षा संवाद कार्यक्रम* मैं डॉ अनुसुइया व्यक्त कर रही थी।

विदित हो कि अग्रसेन जयंती दिवस के पावन अवसर पर नगर की श्री अग्र शिरोमणि संस्था के तत्वावधान में शिक्षा व शिक्षण विषय पर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की प्राचार्य प्रो डॉ. अनुसुइया अग्रवाल डी लिट प्राचार्य के सानिध्य में शिक्षा संवाद चर्चा -परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में शिक्षा प्रक्रिया परिवर्तन और अन्य विषयों पर सरायपाली क्षेत्र के महाविद्यालय प्राचार्य , सहायक प्राध्यापक, स्कूल प्राचार्य ,शिक्षकों व समाजसेवी गणमान्य नागरिकों के साथ मुख्य अतिथि प्रो डॉ.अनुसुइया अग्रवाल डी लिट प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य के द्वारा शैक्षिक संवाद



कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत रहाटे प्राचार्य नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली के द्वारा किया गया विशिष्ट अतिथि के रूप में सी एल पुहुप प्राचार्य शा उ मा विद्यालय केजुवां ,नरहरि पटनायक प्राचार्य प्रतिभा पब्लिक स्कूल, बृजलाल पटेल प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पिरदा,मनोज पटेल प्राचार्य सेजेस सरायपाली, डॉ. अनिल कुमार प्रधान प्राचार्य शा उ मा विद्यालय तोरेसिंहा,कामता प्रसाद साहू प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर सरायपाली उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्य मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, साहित्यकार व शिक्षिका डॉ. शुभ्रा डड़सेना व शिशु मंदिर की व्यवस्थापिका सरिता साहू के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए शिक्षकों को शिक्षा व शिक्षण कर्तव्यों के प्रति सजग व अडिग रहने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि सृष्टि को बनाना और बिगाड़ना शिक्षक के हाथ में है। यदि शिक्षक चाहे तो समाज, प्रांत और राष्ट्र को उन्नति के शिखर तक पहुंचा सकता है। और चाहे तो अधोगति के गर्त में धकेल सकता है। शिक्षण क्षेत्र में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका का निर्वाह श्रेष्ठ इतिहास निर्माण के उद्देश्य को लेकर रामसेतु निर्माण में गिलहरी की तरह समर्पण भाव से करना चाहिए।

कार्यक्रम में अग्र शिरोमणि संस्था के द्वारा धरम लाल यादव काष्टकार (बढ़ाई) ग्राम-केना विकासखण्ड सरायपाली को काष्ठ कला क्षेत्र में उपयोग में आने औजारों का सैट श्री अग्रसेन महाराज के एक ईंट और एक रूपया के सिद्धांत के आधार पर श्री अग्र शिरोमणि संस्था के द्वारा प्रदान किया गया। सरायपाली क्षेत्र में शिक्षा व शिक्षण के उत्तरोत्तर वृद्धि के संदर्भ में सहायक प्राध्यापक क्षीरसागर पटेल ,प्रविन्द पटेल,व्याख्याता डॉ. मुकेश चौधरी, शिक्षक लिंगराज देवांगन,यशवंत चौधरी , रमेश प्रधान,नासिर खान द्वारा सम्बोधित किया गया ।कार्यक्रम के अंत में श्री अग्र शिरोमणि संस्था के लक्ष्मीनारायण के द्वारा बोला गया की शिक्षक प्रकाश पुंज की तरह है जिससे पूरा विद्यालय प्रकाशमान होता है इसलिए ऐसा कार्यकर्म को बढ़ावा और बल मिले ऐसा कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित करवाने संस्था द्वारा सुझाव दिया गया जिसको नवोदय प्राचार्य ने स्वीकार किया । कार्यक्रम का संयोजन मनोज अग्रवाल , संचालन डॉ. शुभ्रा डड़सेना व आभार व्यक्त लक्ष्मी नारायण अग्रवाल द्वारा किया गया।

# सांसद विजय बघेल ने किया नशा-मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

- आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन
- युवा स्वयं के विचार और दिमाग को स्वस्थ रखने प्रण लेवें - कलेक्टर सुश्री चौधरी



**दुर्ग (समय दर्शन)।** नशा-मुक्त भारत अभियान के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांसद विजय बघेल के मुख्य आतिथ्य में आज आनंद सरोवर प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम बघेरा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने की। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नशा-मुक्त भारत अभियान हेतु जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग और प्रजापिता ब्रम्हकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय दुर्ग के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल एवं विधायक गजेन्द्र यादव ने कार्यक्रम स्थल पर दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने नशा-मुक्ति प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने उपस्थित जनों को नशा-मुक्त राष्ट्र बनाने की शपथ दिलायी।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद श्री बघेल ने कहा कि आज हम ऐसे संस्थान में उपस्थित है जो मानव चरित्र निर्माण से जुड़ा है। उन्होंने लोगों से कहा कि नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण हेतु शपथ में कही गई बातों को अपने जीवन में आत्मसात करें। नशा सर्वत्र नाश का कारण है, नशा से व्यक्तिगत हानि के साथ इसका प्रभाव परिवार एवं सामाजिक पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की उज्जवल भविष्य के लिए और प्रदेश एवं देश के विकास के लिए नशा-मुक्त राष्ट्र का निर्माण जरूरी है। विधायक गजेन्द्र यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि हम सबके लिए आज गौरव का दिन है, आज हम सब नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी योगदान हेतु उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहे और अपने परिजन जो नशा के आदि है, उन्हें भी नशा से दूर रहने का सुझाव देवें। विधायक श्री यादव ने कहा कि भारत सरकार की सोच नशा-मुक्त राष्ट्र निर्माण की है, ऐसे में हम सबको भी इस सोच को साकार करने अपनी भूमिका अदा करनी होगी। उन्होंने विद्यार्थी वर्ग को मोबाईल उपयोग करने की नशा से दूर रहने का आव्हान किया। संभागायुक्त एस.एन. राठौर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी ने नशा-मुक्त अभियान में शामिल होकर यह बता दिये है कि वे अपने जीवन में किसी भी प्रकार के नशा का प्रयोग नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करना है, यह तभी संभव है, जब यह वर्ग नशा-मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को गलत संगत से बचने तनाव प्रबंधन की सिख लेनी होगी। इसके लिए उन्होंने श्वसन ध्यान की उपाय बताते हुए ध्यान के माध्यम से ऊर्जा संचय करने की बातें कही। आई.जी. आर.जी. गर्ग ने युवा वर्ग को स्वयं को नशे से दूर रखने की सलाह देते हुए अवगत कराया कि नशीला पदार्थ बेचने वालों के संबंध में पुलिस सहायता केन्द्र को 112 नंबर डायल कर नशे के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस का सहयोग करें। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि हम सब इस कार्यक्रम में स्वयं को नशे से दूर रखने बताये गये मार्गदर्शन को समझने उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग को नशे के खिलाफ अपनी विचार और दिमाग को केन्द्रित करना होगा। जीवन में आगे बढ़ने के लिए विचार और दिमाग पर पूरी तरह से ध्यान रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी विचार और दिमाग को स्वस्थ रखने का प्रण लेवें। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि नशा सामाजिक बुराई है, इस बुराई को खत्म करने समाज के सभी इकाईयों का ईमानदारी से भूमिका होना चाहिए। इसके पहले नशा के विरूद्ध लोगों को स्वयं पहल करना होगा। उन्होंने देश के विकास के लिए नशा-मुक्त भारत बनाने युवाओं का आव्हान किया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ. सचिन परब ने अपने वक्तव्य की शुरूआत ओम शांति एवं दिव्य प्रकाश ध्यान से करते हुए अवगत कराया कि वे विगत 25 वर्षों से नशा-मुक्ति अभियान पर कार्यक्रम देते आ रहे हैं। 04 मार्च 2024 से सरकार ने यह काम ब्रम्हकुमारी संस्थान को सौंपा है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से अवगत कराया कि आज भारत को नशे से खतरा है। देश की युवा वर्ग को नशे की गिरफ्त से बचाने हेतु पहल किया जा रहा है। उन्होंने देश में अलग-अलग नशे, वाहन दुर्घटना आदि से मौत की आकड़े प्रस्तुत करते हुए युवा वर्ग को प्रभावित करने वाले विज्ञापनों से स्वयं को दूर रखने के सुझाव दिये। उन्होंने विद्यार्थियों से किसी भी प्रकार की नशा नहीं करने की अपील की। साथ ही दूसरे लोगों को भी नशा नहीं करने की समझाईश देने का सलाह दिया। प्रजापिता ब्रम्हकुमारी आश्रम प्रभारी सुश्री ऋचा दीदी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ओम शांति के भाव को विस्तार से प्रस्तुत किया। उन्होंने अवगत कराया कि दुर्ग में संस्थान की 5 संस्थाएं संचालित है। युवा वर्ग स्वयं को नशा से दूर रखने राजयोग मेडिकेंशन हेतु संस्थान से जुड़ सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के कला जत्था द्वारा नशा-मुक्ति पर आधारित गीत एवं नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। कल्याणी नशा-मुक्ति केन्द्र के प्रोजेक्ट क्वार्डीनेटर डॉ. मनीष दास ने स्वयं पर नशे के दुष्प्रभाव और नशा छोड़ने पर अब हुए बदलाव साझा किया। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अमित सिंह परिहार ने अपने स्वागत प्रतिवेदन में कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभाग द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधे की गमले भेंट कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में सहायक कलेक्टर एम. भार्गव ने कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए अतिथियों एवं सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, संयुक्त कलेक्टर श्री मुकेश रावटे, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारी, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी, समाजसेवी संगठन और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# एनएचआई के रोड मार्किंग में खुले आम हो रहा घरेलू गैस का उपयोग




**बिलासपुर (समय दर्शन)।** एक - दो करोड़ नहीं टोल की हजार करोड़ वसूली वाला भारतीय राष्ट्रीय राज्य मार्ग प्राधिकरण जो सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आता है की कार्यालय परियोजना इकाई बिलासपुर के अंतर्गत ठेकेदार लुटिया चोरी जैसी टूच्ची हरकतों पर उतारू है। सड़क दुर्घटना बढ़ रही है के नाम पर सड़क मार्किंग का काम तेजी से किया जा रहा है। यह दवा और इस काम में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग जोर-शोर से किया जा रहा है। बिलासपुर रायपुर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 130 धौराभाटा के पास रोड मार्किंग करती हुई दो गाड़ियां दिखाई दी दोनों गाड़ियों में घरेलू गैस सिलेंडर लगा हुआ था।

स्वयं को सुपरवाइजर बताने वाले ने कहा कि लाल गैस की टंकी उसके घर की है। जैसे घर के गैस टंकी लगा देना ईमानदारी का प्रतीक है। सड़क मार्किंग के दिशा निर्देश में स्पष्ट उल्लेख है कि व्यावसायिक सिलेंडर का ही उपयोग होगा। जब हमने इस संदर्भ में सुपरवाइजर से किसी अधिकारी से बात करने को कहा तो उसने किसी पंकज सिंह का नंबर दिया। पंकज सिंह का कहना था कि अभिलाषा कॉलोनी में एनएचआई का दफ्तर है। और वहीं से बात कर ले और साथ ही उसने अपने रिश्तेदारों का उल्लेख किया जो की मीडिया संस्थान में बड़े पद पर है।

हमने अभिलाष परिषद स्थित डी-61, एचआईजी-1 पते के कार्यालय में अधिकारी से उनका कथन लेने चाहा 15 से 20 मिनट इंतजार करने के बावजूद वे नहीं मिले। कार्यालय के प्रथम तल में कक्षा में देखने पर पता चला कि संबंधित अधिकारी अकेले बैठे हैं और इंतजार करने का रहे हैं। राष्ट्रीय राज्य मार्ग सड़क परिवहन विभाग के मंत्री नितिन गडकरी अपने भाषणों में लंबे आदर्श प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं, पर उनके अधीनस्थ विभाग के कर्मचारी अपने मंत्री के आदेश को ठेंगे पर रखते हैं। कार्यालय के प्रतीक्षा कक्ष में पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर कलाम का एक पोस्टर लगा है। जिसमें सोते हुए समय देखे गए सपनों को सच करने की बात का दर्शन है। पर इस कार्यालय के कर्मचारियों को इस आदर्श वाक्य से कोई सरोकार नहीं दिखता जिस विभाग में रोड मार्किंग जैसे साधारण ठेके में भी लुटिया चोरी के स्थितियां चल रही हो वहां पूर्व राष्ट्रपति को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना बेहद शर्मनाक है।



## संपादकीय

# वन नेशन, वन इलेक्शन को औपचारिक मंजूरी

भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख कायम रखने की है। ऐसी कई समस्याएं बढ़ती गई हैं, जिनकी वजह से भारतीय चुनावों पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रिय योजना वन नेशन, वन इलेक्शन' को औपचारिक मंजूरी दे दी है। इसका अर्थ यह है कि अब सरकार इस योजना को लागू करने की दिशा में काम करेगी। यह कैसे होगा, इसका मोटा खाका रामनाथ कोविंद कमेटी ने बनाया था। उसके मुताबिक लोकसभा चुनाव वाले वर्ष में सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी कराए जाएंगे। कोविंद कमेटी ने जब अपनी रिपोर्ट पेश की थी, तब भी इससे ज्यादा स्पष्टता नहीं बनी थी, ना कैबिनेट के हरी झंडी देने के बाद अब इसका पूरा ब्लू प्रिंट उभरा है। इसलिए कहा जाएगा कि अभी तक यह योजना महज एक इरादा ही है। सत्ता पक्ष चाहता, तो महाराष्ट्र, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभाओं के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करवा कर इस योजना को अधिक विश्वसनीय बना सकती था। लेकिन बाकी बातें तो दूर, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव भी नहीं कर जा सके। वैसे भी भारतीय लोकतंत्र में इस समय मुख्य चुनौती सारे चुनाव एक साथ करा देने की नहीं, बल्कि जो चुनाव होते हैं, उनकी साख बहाल करने की है। पहला मुद्दा निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने का था, जिसमें होनी वाली नियुक्ति प्रक्रिया को पिछले वर्ष सरकार ने मनमाने ढंग से बदल दिया। आम चुनाव के दौरान आयोग का रुख लगातार सवालों के घेरे में रहा। आयोग ने मतदान प्रतिशत बताने में जैसी देर की और बाद में गिरे वोटों की संख्या में जितनी वृद्धि बताई गई, उससे साख का संकट खड़ा हुआ है। चुनाव परिणाम को लेकर जैसे प्रश्न इस बारे उठे, वैसा भारत के चुनावी इतिहास में कभी नहीं हुआ था। इसके अलावा धन का कसता जा रहा शिकंजा चुनावों के प्रातिनिधिक दायरे को लगातार सिकोड़ रहा है। अब इसी पृष्ठभूमि में वन नेशन, वन इलेक्शन योजना सरकार ले आई है। स्वाभाविक है कि सहज गले लगाने के बजाय जनमत का एक बड़ा हिस्सा इसे विरोध भाव के साथ देखेगा। जन विश्वसनीयता और सहमति किसी लोकतंत्र के संचालन की पूर्व शर्त होती हैं। मगर वर्तमान सरकार ऐसे तकाजों की परवाह नहीं करती। फिर उसने वही नजरिया दिखाया है।

# सीबीआई और एफबीआई सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र'

**ओमप्रकाश मेहता**

आज देश की प्रमुख जांच एजेंसियाँ केंद्रीय जांच ब्यूरों (सीबीआई) और वित्तीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) सहित रक्षा इकाईयों पर यह एक सामान्य आरोप लगाा जा रहा है, ये सिर्फ दिखाने के लिए स्वतंत्र' है, जबकि इन पर पूरा नियंत्रण सरकार का है, इसीलिए यह सामान्य आरोप लगाया जाता है कि सरकारी वित्तीय घपलों की जांच निष्पक्षता के दायरें से बाहर ही रहती है, अब आज का मुख्य सवाल यह है कि इन प्रतिष्ठानों के नाम को स्वतंत्र' के साथ जोड़ा गया है, तो इन्हें स्वतंत्रता' व न्यायपूर्ण काम क्यों नही करने दिया जाता। पिछले दिनों दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की शराब काण्ड में जमानत पर सर्वोच्च न्यायालय ने जो सरकारी जांच एजेंसियों को लेकर सख्त टिप्पणियां की, उन पर सरकार ने चाहे गौर न किया हो, किंतु देश के हर जागरूक और बुद्धिजीवी नागरिक ने काफी गंभीरता से लेकर उस पर मनन भी किया है और सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियों को आज की सच्चाई से जोड़ा है।

आज की एक बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज देश को प्रजातंत्र के तीन अंगों में से सिर्फ और सिर्फ न्यायपालिका पर ही भरोसा शेष रहा है, विधायिका व कार्यपालिका के साथ ही चौथे कथित अंग खबर पालिका पर भी भरोसा शेष नही रहा। अब चूंकि पूरे देश को न्याय पालिका पर ही भरोसा रहा है और न्याय पालिका भी इस भरोसे को कायम रखने में जुटी है, तो फिर इन तथाकथित जांच एजेंसियों को सरकारी नियंत्रण से बाहर क्यों नही लाया जा रहा?

यहाँ यह भी कटु सत्य है कि सरकार के अधिकांश दुष्कर्म' के मामलों की जांच का उत्तरदायित्व भी इन्हीं जांच एजेंसियों को सौंपा जाता है, जिन पर केन्द्र या राज्य में विराजित उन राजनेताओं का नियंत्रण रहता है जो स्वयं इन दुष्कर्मों' के सहभागी होते है, अब ऐसी स्थिति में तथाकथित इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों से सही न्यायपूर्ण व संवैधानिक जांच की उम्मीद कैसे की जा सकती है, यही मुख्य कारण है कि प्रजातंत्र के किसी भी अंग को सही व उचित न्याय नही मिल पाता और देश के आम नागरिक की खून-पसीनें की कमाई का अधिकांश पैसा इन कथित भ्रष्ट सत्ताधीशों की जेबों में चला जाता है, यही मुख्य कारण है कि आज के युवा वर्ग में राजनीति के प्रति रूझान बढ़ता जा रहा है। ज.और देश को सकी गाढ़ी कमाई राशि के घपले पर न्याय भी नही मिल पाता क्योंकि जांच एजेंसियाँ इन्हीं भ्रष्टाचारियों के कब्जे में रहती है और यही कारण है कि भ्रष्टाचार का महारोग' दिन दूनी-रात चौगुनी गति से महामारी का रूप ग्रहण करता जा रहा है। इसलिए आज की सबसे अहम् और पहली जरूरत इन सरकारी जांच एजेंसियों को सरकार के नियंत्रण से बाहर करने की है और इसके लिए तथाकथित रूप से ईमानदार प्रधानमंत्री जी को ही संसद में संविधान संशोधन प्रस्तुत कर इन स्वतंत्र' एजेंसियों पर से अपना नियंत्रण हटाना पड़ेगा। खासकर केन्द्रीय गृहमंत्री से तो ऐसी अपेक्षा की ही जा सकती है? क्योंकि आज इन एजेंसियों की स्वायतता को लेकर हर तरफ से कई सवाल खड़े किए जा रहे है। क्या ही अच्छा हो, यदि मोदी सरकार इन स्वतंत्र जांच एजेंसियों की अब तक की भूमिकाओं, उनकी कार्यशैली व उनकी मजबूरियों की निष्पक्ष समीक्षा कर संसद के माध्यम से इन्हें और अधिक सक्षम व विश्वसनीय बनाने की दिशा में अहम् भूमिका का निर्वहन करें? क्योंकि आज इन जांच एजेंसियों में भी अमले की कमी से लेकर अन्य कई समस्याऐं है, जिनके कारण ये एजेसिंया त्वरित न्याय नही दे पा रही है।

# अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**प्रह्लाद सबनानी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों एवं भारतीय समाज के लिए संघ के अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करना एक गर्व का विषय हो सकता है। संघ के स्वयंसेवक समाज में अपना सेवा कार्य पूरी प्रामाणिकता से बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से करते रहते हैं। वरना, भारत सहित पूरे विश्व में आज ऐसा माहौल बन गया है कि कुछ संगठन जो समाज में सेवा कार्य करते तो बहुत थोड़ा है परंतु उस कार्य का बहुत अधिक प्रचार प्रसार करते हैं। इसके ठीक विपरीत संघ के स्वयंसेवक चुपचाप समाज में अपने ईश्वरीय कार्य को सम्पादित करते रहते हैं, कई बार तो संघ के पदाधिकारियों को भी इस बात का आभास नहीं हो पाता है कि हमारे संघ के स्वयंसेवकों ने समाज में कोई विशेष सेवा कार्य सम्पन्न किया है। दरअसल, संघ के स्वयंसेवकों को यह संस्कार संघ की शाखा में प्रदान किए जाते हैं। और, इसी प्रकार की कई अन्य विशेषताओं के चलते, आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे विश्व में सबसे बड़ा सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठन कहा जाने लगा है।

भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में शायद ही कोई ऐसा संगठन रहा होगा जो अपनी स्थापना के समय से ही निर्धारित किए गए अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर लगातार सफ्लतापूर्वक आगे बढ़ता जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना उस समय हुई थी, जब अंग्रेजों की दासता में भारतीय संस्कृति का सर्वनाश हो रहा था। इससे व्यथित होकर डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना विजयादशमी के पावन अवसर पर वर्ष 1925 में की थी। मार्च 2024 में संघ की नागपुर में आयोजित प्रतिनिधि सभा में उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 922 जिलों, 6597 खंडों एवं 27,720 मंडलों में 73,117 दैनिक शाखाएं हैं, प्रत्येक मंडल में 12 से 15 गांव शामिल हैं। समाज के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में संघ की प्रेरणा से 40 से अधिक विभिन्न संगठन अपना कार्य कर रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण तथा हिंदू समाज को संगठित करने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश में राजनैतिक कारणों के चलते संघ पर तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया है- वर्ष 1948, वर्ष 1975 एवं वर्ष 1992 में - परंतु तीनों ही बार संघ पहिले से भी अधिक सशक्त होकर भारतीय समाज के बीच उभरा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू शब्द की व्याख्या सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के संदर्भ में करता है जो किसी भी तरह से (पश्चिमी) धार्मिक अवधारणा के समान नहीं है। इसकी विचारधारा और मिशन का जीवंत सम्बंध स्वामी विवेकानंद, महर्षि अरविंद, बाल गंगाधर तिलक और बी सी पाल जैसे हिंदू विचारकों के दर्शन से हैं। विवेकानंद ने यह महसूस किया था कि एक सही अर्थों में हिंदू संगठन अत्यंत आवश्यक है जो हिंदुओं को परस्पर सहयोग और सराहना का भाव सिखाए।

स्वामी विवेकानंद के इस विचार को डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने व्यवहार में बदल दिया। उनका मानना था कि हिंदुओं को एक ऐसे कार्य दर्शन की आवश्यकता है जो इतिहास और संस्कृति पर आधारित हो, जो उनके अतीत का हिस्सा हो और जिसके बारे में उन्हें कुछ जानकारी हो। संघ की शाखाएं ॐस्वॐ के भाव को परिशुद्ध कर उसे एक बड़े सामाजिक और राष्ट्रीय हित की भावना में मिला देती हैं। वस्तुतः यह कह सकते हैं कि हिंदू राष्ट्र को स्वतंत्र करने व हिंदू समाज, हिंदू धर्म और हिंदू संस्कृति की रक्षा कर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के उद्देश्य से डॉक्टर साहब ने संघ की स्थापना की। आज संघ का केवल एक ही ध्येय है कि भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना। संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी की दृष्टि हिंदू संस्कृति के बारे में बहुत स्पष्ट थी एवं वे इसे भारत में पुन: प्रतिष्ठित कराना चाहते थे। डॉक्टर साहब के अनुसार, ॐहिंदू संस्कृति हिंदुस्तान का प्राण है। अतएव हिंदुस्तान का संरक्षण करना हो तो हिंदू संस्कृति का संरक्षण करना हमारा पहला कर्त्तव्य हो जाता है। हिंदुस्तान की हिंदू संस्कृति ही नष्ट होने वाली हो तो, हिंदू समाज का नामोनिशान हिंदुस्तान से मिटने वाला हो, तो फ्रि शेष जमीन के टुकड़े को हिंदुस्तान या हिंदू राष्ट्र कैसे कहा जा सकता है? क्योंकि राष्ट्र जमीन के टुकड़े का नाम तो नहीं हैज्ज यह बात एकदम सत्य है। फ्रि भी हिंदू धर्म तथा हिंदू संस्कृति की सुरक्षा एवं प्रतिदिन विधर्मियों द्वारा हिंदू समाज पर हो रहे विनाशकरी हमलों को कांग्रेस द्वारा दुरलक्षित किया जा रहा है, इसलिए इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की आवश्यकता है।

जिस खंडकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी वह मुस्लिम तुष्टिकरण का काल था। वर्ष 1920 में देश में खिलाफ्त आंदोलन शुरू हुआ। मुसलमानों का नेतृत्व मुल्ला-मौलवियों के हाथों में था। इस खंडकाल में मुसलमानों ने देश में अनेक दंगे किए। केरल में मोपला मुसलमानों ने विद्रोह किया। उसमें हजारों हिंदू मारे गए। मुस्लिम आक्रांताओं के आक्रमण के कारण हिंदुओं में अत्यंत असुरक्षिता की भावना फैली थी। हिंदू संगठित हुए बिना मुस्लिम आक्राताओं के सामने टिक नहीं सकेंगे, यह विचार अनेक लोगों ने प्रस्तुत किया और इस प्रकार हिंदू हितों के रक्षार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। संघ के प्रयासों से भारत में विस्मृत राष्ट्रभाव का पुनर्जागरण प्रारम्भ हुआ।

स्वामी विवेकानंद ने वेदांत के आधार पर सार्वभौम हिंदुत्व का प्रचार किया। आधुनिक भारत के अंतरराष्ट्रीय शंकराचार्य के रूप में उन्हें प्रतिष्ठित किया जा सकता है। उनके प्रयासों से हिंदू धर्म का न केवल उद्धार हुआ, अपती हिंदू समाज को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिष्ठित भी किया। ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, राजनारायण बोस, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, योगी अरविंद, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जैसे हिंदू हितचिंतकों ने विश्व के समक्ष यह संदेश दिया कि हिंदुस्तान में राष्ट्रीय एकता का आधार हिंदू धर्म है और स्वयं हिंदू एक धर्म प्रधान एवं प्रकृति के सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधार जीवन पद्धति है।

पश्चिमी देशों में जीवन के लक्ष्य का सदैव अभाव रहा है। भौतिक सुख-समृद्धि ही जीवन का मानक बन गया था। इसलिए पश्चिमी देश असंवेदनशील हो गए थे। साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद जैसी वैचारिकी इस भौतिकवादी पृष्ठभूमि की उपज रही है। भौतिकता की अंधी दौड़ ने अंततः नाजीवादी, फसीवाद एवं साम्यवाद जैसे विचारों को जन्म देकर पश्चिमी देशों को महायुद्धों की विनाशलीला में झोंक दिया था। स्वामी विवेकानंद जैसे हिंदू चिंतकों द्वारा पश्चिमी देशों में हिंदुत्व के आदर्शों को प्रस्थापित कर उन्हें अंधकार से अलग करने का प्रयास किया गया था। हिंदू आदर्शों का यदि अनुपालन किया जाता तो सम्भवत: मानवीय विनाश के उन दृश्यों को रोका जा सकता था जो विश्व मानव की छाती पर एक भीषण घटित दुर्घटना के चोट के चिन्ह रूप में विद्यमान है। स्वामी विवेकानंद ने जीवन जीने के लक्ष्य एवं मानव संस्कृति के मूल रहस्यों को पश्चिमी समाज के समक्ष उद्घाटित किया था। स्वामी विवेकानंद के प्रयासों से पश्चिमी समाज में हिंदुत्व के प्रति एक नया दृष्टिकोण विकसित हुआ था और लोग हिंदू संस्कृति के मूल रहस्यों को जानने के लिए आकर्षित हुए। स्वामी विवेकानंद को हिंदू राष्ट्रीयता का विश्व में प्रथम उद्घोषक कहा जा सकता है। उन्होंने विश्व के समक्ष भारत की मूल्यवान आध्यात्मिक धरोहर को प्रतिष्ठित किया तथा हिंदू धर्म के मूल रहस्यों से विश्व को अवगत कराया। स्वामी रामतीर्थ, महर्षि दयानंद, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार, महात्मा गांधी, डॉक्टर अम्बेडकर, एम एस गोलवलकर, दीनदयाल उपाध्याय, दत्तोपंत ठेंगढ़ी जैसे चिंतकों ने हिंदुओं को चिंतन की एक नयी शैली एवं विधा से सुसज्जित कर हिंदुत्व के पुनरुत्थान का सार्थक प्रयास किया। उक्त हिन्दू चिंतकों ने विश्व समुदाय में हिन्दुत्व के प्रति फैले भ्रम को न केवल दूर करने का प्रयास किया, अपितु हिन्दुस्तान में सनातन संस्कृति के प्रति जो वैषम्यतापूर्ण विचारधाराएं बलवती हो रही थीं उन्हें भी प्रतिबन्धित करने का प्रयास किया। इन विचारकों ने सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए उन समस्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान भी किया।

मुगलकाल एवं ब्रिटिश शासन के अंतर्गत हिन्दू लोक जीवन विखंडित हो गया था। हिन्दू धर्म के मूल रहस्यों से अनभिज्ञ आक्रांताओं ने न केवल वैयक्तिक अधिकारों का हनन किया अपितु हिन्दू धर्म के मूल ग्रंथों को भी नष्ट कर दिया। 1000 वर्षो तक सनातन संस्कृति विधर्मियों के प्रहार को झेलती हुई लगभग मृतप्राय बना दी गई थी। अब आवश्यकता है कि मूल्य परक हिन्दू जीवन पद्धति जिससे न केवल मानव अपितु प्रकृति एवं जीव-जन्तु जगत का भी उत्थान सम्भव है, उसे पुन: प्रतिष्ठित किया जाए। वस्तुत: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज भी लक्ष्य हिंदुओं को जाति, क्षेत्र और भाषा के कृत्रिम विभाजन के चलते उत्पन्न सामाजिक सांस्कृतिक विरोधभासों से उबारना है। इसकी आकांक्षा है कि भारत को विश्व गुरु का स्थान अपने कर्तृत्व, दर्शन और सांस्कृतिक प्रभाव से पुन: मिले। भारतीय समाज को संघ के इन प्रयासों से अपने आप को जोड़ना चाहिए तभी भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित किया जा सकेगा।

# हरियाणा में पिछड़ रही भाजपा मतदान से ठीक पहले मुश्किल स्थिति से कैसे उबर गयी?

**नीरज कुमार दुबे**



हरियाणा में लगभग सवा नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के खिलाफउपजी नाराजगी को भांप कर भाजपा नेतृत्व ने इस साल मार्च में उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वा कर और केंद्रीय मंत्री पद सौंप कर दिल्ली की राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन खट्टर का मन हरियाणा में लगा रहा। भाजपा नेतृत्व को जब यह लगा कि खट्टर का नाम नुकसान पहुँचा रहा है तो पूरे चुनाव प्रचार अभियान से खट्टर का नाम और उनकी तस्वीर गायब कर दी गयी। हमने पाया कि भाजपा की हर चुनावी रैली अथवा जनसभाओं के दौरान मंच पर या उसके आसपास लगने वाले पोस्टरों, बैनरों और होर्डिंगों में खट्टर का नाम और तस्वीर नहीं थी। यही नहीं हरियाणा सरकार की जिन उपलब्धियों के सहारे भाजपा ने चुनाव लड़ा उसमें भी खट्टर की तस्वीर नहीं लगायी गयी। भाजपा ने साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में किया। जैसे युवाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी गयी। किसानों की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि 24 फ्सलों का एमएसपी दे रही हरियाणा सरकार, महिलाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि तमाम योजनाओं का लाभ दे रही भाजपा सरकार। इसी प्रकार अन्य उपलब्धियों का बखान करते हुए भी प्रचार सामग्री तैयार करवायी गयी जिसमें आम लोगों की तस्वीरें प्रकाशित की गयी थी। इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफ्लता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। खट्टर से व्यक्तिगत रूप से लोगों की नाराजगी भाजपा को चुनावों में उसी तरह नुकसान पहुँचा सकती थी जैसे कि राजस्थान विधानसभा के 2018 के चुनावों में देखने को मिला था जब नारे लग रहे थे कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं। हमसे बातचीत में भाजपा के भी कई समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने माना कि यदि खट्टर को हटाने का फैसला एक साल पहले लिया गया होता तो लोकसभा चुनावों में भी हम सारी सीटें जीत सकते थे।

इसके अलावा, 15 दिनों पहले जब हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार की कवरेज की शुरुआत की थी उस समय सब जगह कांग्रेस की हवा ही दिख रही थी लेकिन एक एक दिन बीतने के साथ यह हवा हमें धीमी पड़ती दिखी और अब जब चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है तो कहा जा सकता है कि हवा किसी एक के पक्ष में नहीं है बल्कि कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। हरियाणा चुनाव के दौरान मुझे दिल्ली नगर निगम का पिछला चुनाव इसलिए याद आ गया क्योंकि उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ होने की भविष्यवाणी की गई थी लेकिन जब परिणाम आये तो पार्टी नजदीकी मुकाबले में आम आदमी पार्टी से सिर्फ कुछ सीटों से पिछड़ गई थी। हरियाणा चुनावों में भी जमीनी स्थिति कुछ ऐसी ही दिखी। ऐसा लगता है कि भाजपा को जब इस बात का अहसास हुआ कि वह चुनाव में कांग्रेस से बहुत ज्यादा पीछे नहीं है तो उसने पिछले 10 दिनों में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चार जनसभाएं कराई गयीं और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत तमाम मुख्यमंत्रियों को चुनाव प्रचार में उतार दिया गया। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने 70 से ज्यादा रैलियां और जनसभाएं कीं। जवाब में भाजपा ने 150 सभाएं और रैलियां कर माहौल को पूरी तरह बदल दिया।

हरियाणा में कांग्रेस ने जमीन तक इस बात को पहुँचाने में सफ्लता हासिल कर ली थी कि 'कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है'। भाजपा ने इस हवा की चाल को धीमा करने के लिए परिवारवाद को मुद्दा बनाया और भूपिंदर सिंह हुड्डा के पिछले शासन की याद दिलाई जिससे माहौल बदलने लगा। भाजपा ने जनता के बीच इस धारणा को मजबूत किया कि अगर कांग्रेस आई तो निश्चित रूप से हुड्डा को कमान सौंपी जाएगी। कांग्रेस नेतृत्व ने भी बार-बार हुड्डा को ही कमान सौंपने के संकेत दिये जिससे फायदा होने की बजाय नुकसान होता दिखा क्योंकि हुड्डा को अपने पिछले कार्यकाल में सिर्फ रोहतक का सीएम माना जाता था और उन पर अपने आलाकमान को खुश रखने के लिए प्रदेश के संसाधनों का दुरुपयोग करने के आरोप भी हैं। कई क्षेत्रों के लोगों का मानना है कि हुड्डा ने सिर्फ रोहतक में काम किया जिससे वहां की जमीनों के रेट ज्यादा हैं और उनके इलाके की जमीनों का रेट बहुत कम है।

इसके अलावा भाजपा ने जिस एकजुटता और रणनीति के साथ हरियाणा में काम किया उससे पार्टी मुकाबले में तेजी से वापसी करती दिखी। रैलियों, सभाओं और डोर टू डोर हुए प्रचार के बाद मिल रहे फीडबैक से भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिखा और इस उत्साह को और बढ़ाने के लिए पार्टी ने कोई कसर नहीं छोड़ी इसलिए 3 अक्टूबर शाम पांच बजे चुनाव प्रचार थमने तक भाजपा के प्रदेश के बड़े नेता, दूसरे राज्यों के मंत्री और मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री जनता के बीच लगातार पहुंचकर भाजपा की सरकार तीसरी बार बनाने की अपील करते दिखे। भाजपा की रैलियों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले लगभग एक महीने में प्रमुख नेताओं की 150 से अधिक जनसभाएं हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं ने रैलियों और रोड शो के माध्यम से अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कांग्रेस को अनेक मुद्दों पर सफ्लतापूर्वक घेरा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तो एक दिन में 4 से 5 बड़ी रैलियां कीं। भाजपा के लिए हरियाणा में सघन प्रचार करने वालों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आदि शामिल रहे। हरियाणा भर में कोई शहर या गांव ना छूटे इसके लिए विभिन्न प्रदेशों के प्रवासी नेताओं और कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगायी गयी ताकि भाजपा की उपलब्धियों और पार्टी के संकल्प पत्र में किये गये वादों को जन-जन तक पहुँचाया जा सके। इसके अलावा भाजपा की सोशल मीडिया टीम ने विपक्षी नेताओं और उम्मीदवारों के प्रचार और उनके संबोधनों पर बारीकी से निगाह रखी। यदि किसी विपक्षी नेता ने कोई विवादित बयान दिया तो उसको सोशल मीडिया पर वायरल करवाया गया।

बहरहाल, तमाम प्रयासों के जरिये भाजपा मनोहर लाल खट्टर के प्रति नाराजगी से उबर पाने में तो सफ्ल हुई। देखना होगा कि यह सफ्लता मतों में परिवर्तित होती है या नहीं? लोकसभा चुनावों के बाद हो रहे हरियाणा चुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। यदि भाजपा अपनी सरकार बचा लेती है तो लोकसभा में स्पष्ट बहुमत पाने से चूकी पार्टी का मनोबल बढ़ जायेगा और यदि कांग्रेस चुनाव जीतती है तो राहुल गांधी का कद और स्वीकार्यता राष्ट्रीय राजनीति में और बढ़ जायेगी।

पारंपरिक हर्बल उत्पादों और लोक कला का किया अवलोकन

# मुख्यमंत्री ने किया प्रथम छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन का शुभारंभ

**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को साइंस कॉलेज ग्राउंड परिसर में प्रथम छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में प्रदेश की पारंपरिक वन संपदा, औषधीय उत्पादों और सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल और प्रदर्शनी लगाई गई थी। मुख्यमंत्री ने इन स्टॉलों का भ्रमण कर उत्पादों की जानकारी ली और कलाकारों व कारीगरों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।



**पारंपरिक औषधियों की जानकारी प्राप्त की**- मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ वैद्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष दशरथ नेताम द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक औषधियों का अवलोकन किया। नेताम ने बताया कि ये औषधियाँ जंगलों से विशेष रूप से चुनकर लाई गई जड़ी-बूटियों से तैयार की जाती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत प्रभावी हैं। उन्होंने इन औषधियों की निर्माण प्रक्रिया और उनके उपयोग के लाभों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इन पारंपरिक विधियों के संरक्षण और प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया।

**महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की सराहना**- मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी मर्यादित संघ के स्टॉल पर जाकर विभिन्न वन-आधारित उत्पादों जैसे जशपुर के हैंडमेड ग्रीन टी, हर्बल च्यवनप्राश, और बस्तर क्षेत्र के आदिवासी समुदाय द्वारा तैयार किए गए शुद्ध हर्बल उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने 'हर्बल छत्तीसगढ़' ब्रांड के तहत तैयार शहद, रागी-कोदो कुकीज, आँवला कैंडी, और जामुन रस जैसे उत्पादों को देखकर हर्ष व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा, इन हर्बल उत्पादों को बढ़ावा देने से न केवल स्थानीय महिलाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाएगा।

**लोक कलाकारों के अनोखे प्रदर्शन की प्रशंसा**- मुख्यमंत्री ने देवरी (आरंग) के मोहरी वादक विशाल राम यादव और कोलिहापुरी, दुर्ग के चिकारा वादक मनहरण दास बंजारे के लोक वाद्य प्रदर्शन का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पारंपरिक लोक कलाएँ हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं, जिन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने दोनों कलाकारों को उनके संगीत के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी।

**रजवार कला के भित्ति चित्रों की सराहना**- भित्ति चित्र कलाकार डॉ. शशिप्रिया उपाध्याय ने मुख्यमंत्री को उनकी टीम द्वारा बनाए गए भित्ति चित्रों के बारे में बताया, जिनमें रजवार कला के माध्यम से छत्तीसगढ़ की आदिम संस्कृति, लोक जीवन, और पारंपरिक वेशभूषा को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि रजवार कला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को जीवित रखना और इसे नए आयाम देना है। मुख्यमंत्री ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, ऐसी लोककलाओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार से हमारी सांस्कृतिक धरोहर का भविष्य सुरक्षित रहेगा।

**दिव्यांग बच्चों की कला का सम्मान**- मुख्यमंत्री ने शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय, माना कैम्प के मूक-बधिर विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई चित्रकला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान छात्र धनदास बरमते ने स्वनिर्मित लोककला आधारित चित्र मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस उपहार को स्वीकारते हुए धनदास की कला की प्रशंसा की और कहा, आपकी यह कला हमारी संस्कृति को नई पहचान देने का कार्य करेगी। उन्होंने धनदास के उवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वाद्य यंत्रों के संरक्षण में योगदान देने वाले रिखि क्षत्रिय ने मुख्यमंत्री को अपनी यात्रा के बारे में विस्तार से बताया।

## अब मदिरा प्रेमी नहीं होंगे निराश, छत्तीसगढ़ में मिलेगी 300 से ज्यादा ब्रांड की शराब...



**रायपुर ( समय दर्शन )।** मदिरा प्रेमियों को अब निराश नहीं होना पड़ेगा। अब सरकारी शराब दुकानों में पीने वालों की पसंद का ख्याल रखते हुए तीन सौ से अधिक ब्रांड उतारने की तैयारी हो गई है। खास बात ये है कि, नई ब्रांड की पहली खेप आ गई है और आबकारी विभाग ने इनकी चिल्हर बिक्री का नया रेट भी जारी कर दिया है। अभी जिन ब्रांड के रेट जारी किए गए हैं, वे एक अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेंगे। सरकार ने अब राज्य में शराब खरीदी का काम ब्रेवरेज कार्पोरेशन के हवाले कर दिया है। कार्पोरेशन ने शराब खरीदी के लिए देश के कई राज्यों के शराब निर्माता कंपनियों से रेट कांट्रेक्ट कर लिया है। बताया गया है कि अलग-अलग कंपनियों के 300 से अधिक ब्रांड के लिए रेट कांट्रेक्ट हो चुका है। अब संबंधित शराब निर्माता कंपनियों की ओर से सप्लाई शुरू कर दी गई है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों की शराब की खेप राज्य में आना शुरू हो गई है।

### राजस्व बढ़ाना भी है लक्ष्य

छत्तीसगढ़ की सरकारी शराब दुकानों में नए-नए ब्रांड उपलब्ध कराने के पीछे सरकार का इरादा ये है कि पीने वालों को उनकी पंसद के ब्रांड मिल सके। इसके साथ ही जो प्रचलित ब्रांड है वे भी दुकान में मिले। इसके साथ ही सरकार आबकारी से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाना भी चाहती है। बताया गया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ से मिलने करीब 6 हजार करोड़ रुपयों का राजस्व मिल रहा था, लेकिन अब सरकार इस करीब दुगना करने का तैयारी में है। चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी राजस्व का लक्ष्य 11 हजार करोड़ रुपयों के आसपास है।

### अब बोतल पर चस्पा होगी कीमत की पर्ची

राज्य सरकार के वाणिज्यककर आबकारी विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर 1 अक्टूबर 31 मार्च 2025 की अवधि के लिए विदेशी मदिरा प्रिट, माल्ट के फुटकर विक्रय का दरों का ब्योरा भेजा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ बेवरेज कार्पोरेशन से कहा गया है कि फुटकर विक्रय दर को कार्पोरेशन के गोदामों में संग्रहित मदिरा लेवल पर सुस्पष्ट बड़े अंकों में स्टिकर चस्पा करने के बाद ही विदेशी मदिरा की दुकानों के लिए प्रदाय करें। मदिरा दुकानों में जांच के दौरान बोतल पर स्टीकर चस्पा होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो गोदाम प्रभारी के खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई की जाएगी।

## महिला सुरक्षा के लिए मंत्री देवांगन ने लॉन्च किया मैत्री हेल्पलाइन नंबर

**रायपुर ( समय दर्शन )।** कोरबा पुलिस प्रशासन के द्वारा सजग कोरबा सतर्क कोरबा के तहत बालिका एवं महिला सुरक्षा से संबंधित मैत्री व्हाट्स ऐप हेल्पलाइन नंबर कलेक्टर अजीत वसंत की उपस्थिति में जारी किया गया है। इसका शुभारंभ वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट सभागार में किया।




इस अवसर पर देवांगन ने कहा कि कोरबा पुलिस के द्वारा अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा हेतु कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए मैत्री हेल्पलाइन नंबर 9479282100 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह हेल्पलाइन नंबर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तथा अपराधियों पर नियंत्रण के लिए महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि बालिका एवं महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाएं, छिटाकसी आदि शिकायतों के विषय में लोकलाज के डर से महिलाएं या बालिकाएं पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने से संकोच करती हैं। ऐसी स्थिति में मैत्री हेल्पलाइन नंबर पर घटना की शिकायत तत्काल कर सकती हैं। हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत मिलने पर 96 घंटे के भीतर अपराधी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## भीष्म टी-90 टैंक सहित अन्य आर्टिलरी पहुंची राजधानी, कलेक्टर एसपी ने किया स्वागत

### 5-6 अक्टूबर को होगा भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह

**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री साय की पहल पर आयोजित होने वाले भव्य सैन्य समारोह के लिए 3 अक्टूबर को रायपुर पहुंचे भारतीय सेना के भीष्म टैंक और अन्य आर्टिलरी का शानदार स्वागत किया गया। इसके बाद एक रैली के रूप में टैंक एवं सैन्य उपकरणों का काफिला रायपुर शहर के तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ और आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक मैदान पहुंचा। शहर के नागरिकों में इसे लेकर ख़ास उत्साह रहा। सैकड़ों लोग इस शानदार रैली को मोबाइल से कैप्चर करते दिखे। पूरे रैली में शामिल वाहनों में तिरंगा लहराता रहा। गौरतलब है कि राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 5 से 6 अक्टूबर को होने वाले भव्य सैन्य प्रदर्शनी समारोह की तैयारी जोरों पर है। इसमें शामिल होने के लिए भारतीय सेना की सैन्य हथियार आज राजधानी पहुंचे, जिसमें




भीष्म टी-90 टैंक, बीएमपी, एल-70, जेएडयू-23, स्ट्रेला और लोरोस शामिल हुए। इसका इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ज़ोरा के मुख्य गेट पर सुबह कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद सहित अन्य अधिकारियों ने स्वागत किया। भीष्म टैंक और दूसरे सैन्य उपकरणों को वाहनों सहित फूल-मालाओं से सजाया गया था। लोगों ने इस आकर्षण क्षण को अपनें मोबाईलों में फोटो और वीडियों के रूप में रिकार्ड किया। जहां से भी यह काफिला गुजरा, वहां 'भारत माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

**साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने किया रिहर्सल**- साइंस कॉलेज मैदान में सैनिको ने डेयर डेविल स्टंट और खुखरी डांस और मिलेट्री बैंड का पूर्वाभ्यास किया।

कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में घरेलू गैस कनेक्शन देने के दिए गए थे निर्देश

# मंत्री देवांगन ने स्कूल-आंगनबाड़ी में खाना पकाने के वितरित किए गैस सिलेण्डर

**रायपुर ( समय दर्शन )।** कोरबा जिले के स्कूलों, आश्रम, छात्रावासों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में आज भी लकड़ी से चूल्हे पर खाना पकाया जा रहा है, जिससे निकलने वाले धुंए से संस्था में काम करने वाली माताओं, बहनों एवं पढ़ने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 4900 संस्थाओं में घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन देकर संस्थाओं को धुआं मुक्त किया जा रहा है। अब इन संस्थाओं में बच्चों को पौष्टिक नाश्ता व भोजन कम समय में उपलब्ध हो सकेगा। उक्त बातें गांधी जयंती पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शालाओं, आंगनबाड़ी, आश्रम छात्रावास को गैस वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उद्योग, वाणिज्य, व्यापार एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कही। मंत्री देवांगन कहा कि संस्थाओं में परंपरागत तरीके से लकड़ी जलाकर चूल्हे पर खाना पकाने के लिए बड़ी मात्रा में



पेड़ों की कटाई भी होती है। जिसके दुष्परिणाम पर्यावरण असंतुलन के रूप में देखे जा सकते हैं। संस्थाओं में घरेलू गैस कनेक्शन से संस्थागत माताओं बहनों को खाना पकाने में सुविधा होगी ही, इसके साथ ही उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के संस्थाओं को परंपरागत तरीके से चूल्हे पर खाना बनाने से निकलने वाले धुंए से मुक्ति मिलेगी। इसके आगामी समय में निश्चित ही सुखद परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि संस्थाओं को घरेलू गैस कनेक्शन की राशि डीएमएफमद से दी जा रही है। इसके साथ ही गैस रिफिलिंग में होने वाले व्यय की राशि भी डीएमएफ मद से प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले शासकीय बालक विद्यालय कोरबा के वैभव लक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह, शासकीय साडा कन्या विद्यालय के जागृति महिला स्वसहायता समूह, शासकीय प्राथमिक शाला अंधरी कछार के जय अम्बे महिला स्वसहायता समूह, शासकीय विद्यालय मुड़ापार के अंजनीपुत्र स्वसहायता समूह को गैस सिलेण्डर प्रदाय किया। इसके साथ ही प्रीमैट्रिक बालक अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रावास नोनबिर्रा पाली, आंगनबाड़ी में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले श्रीमती रथबाई, कुसुमबाई बुधवारी, ज्योतिकपल मुड़ापार को घरेलू एलपीजी सिलेण्डर प्रदान किया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि संस्थागत कर्मचारियों, बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ावा देने के लिए स्कूल, आश्रम, छात्रवास, आंगनबाड़ी में लकड़ी से खाना बनाने की मुक्ति के लिए संस्थाओं को घरेलू गैस कनेक्शन की योजना प्रारंभ की जा रही है। उन्होंने कहा कि आश्रम छात्रावासों में भोजन के लिए 50 प्रतिशत राशि सरकार से अनुदान मिलता है। इसके साथ ही शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान डीएमएफ मद से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत जिले के 2100 स्कूलों के लिए 1.5 करोड़, महिला बाल विकास अंतर्गत 2600 आंगनबाड़ी केंद्रों में 02 करोड़ रूपए एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत 200 छात्रावास आश्रमों के लिए 13 लाख रूपए की राशि का घरेलू एलपीजी गैस कनेक्शन दिया जा रहा है। संस्थाओं में घरेलू गैस कनेक्शन करने पर करीब 03 करोड़ 63 लाख रूपए व्यय किए जाएंगे, जिसकी राशि डीएमएफमद से प्रदाय की गई है। संस्थाओं को यह सुविधा लंबे समय तक मिलती रहे इसका ध्यान रखते हुए वार्षिक गैस रिफलिंग के लिए शिक्षा विभाग के लिए 04 करोड़ रूपए, महिला एवं बाल विकास विभाग के लिए 2.5 करोड़ रूपए तथा आदिम जाति विकास विभाग के लिए 01 करोड़ रूपए कुल राशि 7.5 करोड़ रूपए व्यय होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल डेका ने केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से की मुलाकात

**रायपुर ( समय दर्शन )।** राज्यपाल रमेन डेका ने 3 अक्टूबर को केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से नई दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। राज्यपाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री से विभिन्न क्षेत्रों में घरेलू संस्थागत निवेश और विदेशी संस्थागत निवेश के द्वारा छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा राज्यपाल ने छत्तीसगढ़ को एक समृद्ध अर्थव्यवस्था बनाने के महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण के साथ छत्तीसगढ़ निवेशक सम्मेलन 2025 के आयोजन का प्रस्ताव रखा। इसका उद्देश्य राज्य में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग के साथ बड़े और छोटे उद्योगों, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट निवेश को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के निवेश से छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। राज्यपाल डेका ने श्रीमती सीतारमण को बताया कि छत्तीसगढ़ में भरपूर प्राकृतिक, खनिज एवं वन संपदा है, जिसके कारण छत्तीसगढ़ में विकास की अपार संभावनाएं है। इस दृष्टिकोण से छत्तीसगढ़ में निवेशक सम्मेलन का आयोजन महत्वपूर्ण है। उन्होंने वित्त मंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर अन्य कई मुद्दों पर भी चर्चा की।

### कांग्रेस के 3 राज्यसभा सदस्य 'लापता', ढूंढने वाले को मिलेगा इनाम

**रायपुर ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। बीजेपी ने कांग्रेस के तीन राज्यसभा सांसदों राजीव शुक्ला, केटीएस तुलसी और रंजीत रंजन को लेकर एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें उन्हें लापता बताया गया है। इस पोस्टर के माध्यम से बीजेपी ने आरोप लगाया है कि ये सांसद लंबे समय से छत्तीसगढ़ नहीं आए हैं और राज्य के लोगों के अधिकारों की अनदेखी कर रहे हैं।

**बीजेपी का आरोप:**- बीजेपी ने अपने आधिकारिक ङ्ग हैंडल पर पोस्टर जारी कर कांग्रेस के तीनों सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सांसद छत्तीसगढ़ के लोगों के हक को मार रहे हैं और न तो जनता को दिख रहे हैं और न ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को। पोस्टर में यह भी लिखा गया है कि अगर किसी को ये सांसद मिलें, तो राजीव भवन, रायपुर में संपर्क करें।

### मुख्यमंत्री ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को किया रवाना

**रायपुर ( समय दर्शन )।** मुख्यमंत्री साय ने शारदीय नवरात्रि के पहले दिन गुरुवार को मां बम्लेश्वरी के दर्शन लाभ के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के बस को मुख्यमंत्री निवास से झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने नवरात्रि के शुभ मौके पर इस पावन यात्रा के लिए श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। सभी श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी। मां बम्लेश्वरी के जयकारे और भजन-कीर्तन के साथ यह यात्रा शुरू हुई। गौरतलब है कि मां काली अन्नदान भंडारा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को पिछले 09 वर्षों से लगातार नवरात्रि के पावन मौके पर मां बम्लेश्वरी धाम की नि:शुल्क यात्रा कराई जाती है। इस वर्ष भी आगामी 5 दिनों तक रोजाना चार बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को मां बम्लेश्वरी दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। इस मौके पर संजय श्रीवास्तव और मां काली अन्नदान भंडारा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज मौजूद रहे।

### देश के सबसे बड़े 'दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024' में पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, बॉलीवुड और स्पोर्ट्स के दिग्गजों ने बांधा समां

**रायपुर ( समय दर्शन )।** दी सीएसआर जर्नल (The CSR Journal) द्वारा आयोजित दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024, 30 सितंबर को मुंबई में संपन्न हुआ। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी यानी सीएसआर जगत में देश का सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड सेरेमनी है, जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स 2024 में मुख्य अतिथि के तौर पर लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला, महिला व बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे, सांस्कृतिक कार्य, वन एवं मत्स्य पालन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, राज्यसभा सांसद और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पी. टी. उषा, सांसद एवं महाराष्ट्र एनसीपी अध्यक्ष सुनील तटकरे, सांसद रवींद्र वायकर, पूर्व सांसद राहुल शेवाले, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी जैसे कई दिग्गज उपस्थित रहे। अवाड्र्स में इंडिया फर्स्ट का रहा थीम, महिला सशक्तिकरण पर भी हुई बात हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अवाड्र्स का थीम 'इंडिया फर्स्ट' था, जिसमें महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया। दी सीएसआर जर्नल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के इस प्रतिष्ठित आयोजन में 600 से अधिक अतिथि शामिल हुए, जिनमें देश के कोने कोने से ब्यूरोक्रेट, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा नेता, कलाकार, देश के तमाम कॉरपोरेट हाउसेस के प्रतिनिधि और देश का भविष्य कहे जाने वाले मेधावी छात्र शामिल थे।

### विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**रायपुर ( समय दर्शन )।** विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। इस ऑफर में 10 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है, जिसका कुल मूल्य 1500 मिलियन (150 करोड़) है (''नया इश्यू'')। साथ ही इसमें विक्रय शेयरधारकों द्वारा 22,213,852 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश (''ऑफर फॉर सेल'') भी शामिल है। विनय कॉरपोरेशन लिमिटेड दोपहिया वाहनों, तिपहिया वाहनों, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के लिए ऑटोमोटिव कोम्पोनेंट्स की एक विस्तृत रेंज की डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और निर्यात करता है। कंपनी के प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में स्टीयरिंग व्हील स्विच, गियर शिफ्टिंग पैडल, लाइट कंट्रोल यूनिट, ब्रेक पेडल स्विच और सेंसर, मल्टीमीडिया प्लग और एयरबैग ऑन/ऑफस्विच (या तो नजर आने वाले स्विच या छिपे हुए स्विच) (मेकाट्रॉनिक उत्पाद) और वायरिंग हार्नेस, फ्यूज बॉक्स, तार, केबल, टर्मिनल और कनेक्टर (कनेक्टिव उत्पाद) शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आलोक चन्द्राकर को जिलाध्यक्ष बनाने की उठ रही मांग



**गेंददास मानिकपुरी सिटी रिपोर्टर महासमुन्द (समय दर्शन)।** महासमुन्द -भाजपा के 15 साल के कार्यकाल में अपने जिला अध्यक्ष कार्यकाल में आलोक चंद्राकर ने अपने जिला की चारो सीटो में सफलता दिलाई ?। पार्टी को आज जब वर्तमान में महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी बहुत ही निष्क्रिय साबित हो रही है। महासमुंद जिला के सभी ब्लॉक के कार्यकर्ता फिर से इस आशा में है कि आलोक चंद्राकर जैसे नेता को जिला का नेतृत्व दिया जाये ताकि फिर पार्टी एवम् कार्यकर्ता में पिछले रमन सरकार के कार्यकाल में बहुत ही सक्रियता के साथ जमकर विपक्ष की भूमिका निभाते हुए महासमुंद में एक अलग पहचान बना कर पूरे प्रदेश में अपनी एक नई पहचान बनाये हैं ।जिला मे फिर से समाज सेवी जन नेता आलोक चंद्राकर जैसे नेता की आवश्कता है ताकि पार्टी को एक नई दिशा में ले जाकर एक बार फिर से एक अच्छी स्थिति निर्मित हो। ऐसे में प्रदेश के शीर्ष पर बैठे सीनियर नेतागण को कोई भूल न करते हुए आलोक चंद्राकर को मैदान में रखना चाहिये ताकि कार्यकर्ता उत्साहित होकर कार्य करें।

### दुर्ग जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति के सदस्यों का आज होगा पदभार ग्रहण



**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के संयोजकत्व में जिला कोर कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार जिला प्रभारी मंत्री और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग जिला चिकित्सालय की जीवनदीप समिति में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भाजपा नेता विजय ताम्रकार, समाजसेवी प्रमोद वाघ, ऋषि यादव की नियुक्ति की है तथा सामान्य सभा सदस्य के रूप में भाजपा नेता प्रमोद नेमा, रोशनी फत्ते साहू, समाज सेवी दिनेश मरोटी, लिकेश्वर देशमुख को मनोनीत किया है। नवगठित जीवनदीप समिति के सदस्यगण शनिवार को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक, जिला भाजपा उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये एवं दिलीप साहू की उपस्थिति में प्रात: 11:30 बजे जिला अस्पताल में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

## महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्रीन ग्राम सपोस में खण्ड स्तरीय आवास मेला एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया



- ग्रीन ग्राम सपोस मे आवास मेला लगाकर 69 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत एकमुश्त स्वीकृति प्रदान की गई
- सुंदर आवास निर्माण करने वाले दस हितग्राहियों को किया गया सम्मानित

**बसना (समय दर्शन)।** ग्रीन ग्राम-सपोस में गांधी जयंती के अवसर पर विकासखण्ड स्तरीय स्वच्छता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान आवास मेला भी लगा जिसमें प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर चुके हितग्राहियों को पारंपरिक ढंग से गृह प्रवेश कराया गया। वहीं मौजूदा वर्ष में स्वीकृत आवास वाले हितग्राहियों को आवास स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल एवं अध्यक्षता ग्राम सरपंच बबिता बघेल ने किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वप्निल तिवारी, विधायक प्रतिनिधि नरेंद्र बोरे, जनपद सदस्य पुरषोत्तम धृतलहरे, विजय राज पटेल उपस्थित थे। समारोह में सर्वप्रथम अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रजवल्लन कर उनका पुण्य स्मरण किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व में स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वछता गतिविधियों को जनभागीदारी से जोड़कर गांव-गांव की तस्वीर बदलने का भगीरथ प्रयास कर रहे है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहें स्वच्छता कार्यक्रमों के सफलतम दस वर्ष हों चुके हैं। स्वच्छता अब लोगों की आदत में शुमार हो गई हैं । घर-घर में शौचालय बनाने का असंभव सा लगने वाला लक्ष्य मोदी ने दृढ़संकल्प के साथ पूरा कर दिया है। आज लोग शौचालयों का नियमित उपयोग कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र स्वच्छता आंदोलन मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ खड़ा हैं। स्वच्छता का सीधा संबंध आदमी के स्वास्थ्य से है पिछले दस सालो मे स्वच्छता के नए आयाम स्थापित हुए है तथा स्वच्छता के गतिविधियों के कारण फैलने वाली बिमारियां नियंत्रित हुईं है और लोगों को आर्थिक बचत भी हुई है ।

स्वच्छता कार्यक्रम का असर अब गांव - गांव में दिखने लगा है।

इससे पहले जनपद सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा में जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विविध आयोजन संपन्न किए गए। ग्राम पंचायतों मे अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एक पेड़ मां के नाम की थीम पर सभी पंचायतों में पौधरोपण किया गया। स्वच्छता हितग्राहियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए गए। स्वच्छता पखवाड़ा के समापन अवसर पर आवास मेला भी आयोजित किया गया है। नवपदस्थ एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि, यद्यपि उनकी पदस्थापना नयी है। तथापि ग्रीन ग्राम सपोस की ख्याति सुनी उम्मीद करता हूं कि यहां के लोग स्वच्छता अभियान में जागरूकता की मिशाल पेश करेंगे ।

समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती पटेल ने समस्त उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलायी ।

स्वच्छता दिवस के साथ आयोजित आवास मेला में जानकारी दी गई । ग्राम सपोस के 69 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास के तहत एकमुश्त स्वीकृति प्रदान कर दी गईं है,,,, प्रथम किश्त की राशि भी हितग्राहियों के खाते में भेजी जा चुकी है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास पूर्ण कर चुके पांच हितग्राहियों को उनके घर की चाबी सौंपी गई एवं परंपरा अनुसार उनका गृह-प्रवेश कराया गया।

स्वच्छ और सुंदर आवास निर्माण करने वाले दस हितग्राहियों को मंच से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत सपोस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों क्रमश: गौरीशंकर पैंकरा, राजकुमार दीवान, अशोक साहू, कृष्णा कुमार दीवान, तेजेंद्र साहू, मोहम्मद आबिद अली, सरपंच बबिताकिशोर बघेल, सचिव गीता साहू तथा ग्राम रोजगार सहायक को प्रशस्ति पत्र दिया गया। स्वच्छताग्रहियों को डिग्निटी कार्ड दिया गया ।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई और अन्नप्रासन संस्कार का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ परीक्षण के तहत सैकड़ों लोगों के बीपी, शुगर, सिकलिंग, कुष्ठ रोग का परीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने की एवं आभार प्रदर्शन पूर्व सैनिक व पूर्व सरपंच व वर्तमान सरपंच प्रतिनिधि किशोर बघेल ने किया। ग्राम पंचायत सपोस के 16 वृद्धजनों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्रीन ग्राम सपोस के सैंकड़ों माताएं बहने व गणमान्य जन उपस्थित थे ।

## अनुविभागीय अधिकारी, उद्यानिकी कार्यालय परिसर एवं ग्राम पंचायत पठियापाली मे की गई साफ-सफाई



**बसना (समय दर्शन)।** बसना अनुविभागीय अधिकारी रविराज ठाकुर के कुशल मार्गदर्शन में उद्यानिकी विभाग बसना के द्वारा उद्यान कार्यालय परिसर एवं ग्राम पठियापाली मे राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी व भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के शुभ अवसर पर स्वच्छता अभियान के तहत साफसफाई की गई।

राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की जयंती के अवसर पर सफाई अभियान मे सभी अधिकारी कर्मचारी एवं विभाग से जुड़े अनेक कृषकों ने हिस्सा लिया ।

इस पुण्यदायी दिवस पर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर बसना,उद्यानिकी कार्यालय परिसर पठियापाली बसना,राजीव गाँधी सेवा केन्द्र परिसर पठियापाली मे स्वच्छता अभियान चलाया गया ।

02अक्टूबर के ऐतिहासिक दिवस पर स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर समस्त शासकीय कार्यालयों में एक घंटा श्रमदान करने के आदेशानुसार साफ-सफाई किया गया। इस दौरान उद्यानिकी विभाग विस्तार अधिकारी उपेन्द नाग ने बताया कि, स्वच्छ भारत दिवस भारत वर्ष के सभी विभाग व कार्यालयों के लिए बहुत अच्छी पहल है। इससे सभी अधिकारी कर्मचारियों को अपने अपने कार्यालयों को साफसफाई करने की प्रेरणा मिलेगी । जिस प्रकार से प्रति दिन हम शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए योग प्राणायाम करते हैं, ठीक उसी प्रकार यदि हम अपने डेली रूटिन मे भी स्वच्छता को लेकर संजीदा रहेंगे तो भारत वर्ष मे स्वच्छता का वातावरण निर्मित होगा।

### नारधी में 8 अक्तूबर से होगा रामलीला का मंचन, पिछले 61 वर्ष से किया जा रहा है मंचन

**पाटन (समय दर्शन)।** विकासखंड के ग्राम नारधी में रामलीला मंडली नारधी के स्थानीय कलाकारों द्वारा 08अक्टूबर से चार दिवसीय भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया गया है । विदित हो कि ग्राम नारधी में शारदीय नवरात्रि के अवसर विगत 61 वर्ष से रामलीला का मंचन किया जाता रहा है जिसमे श्रीराम के जीवन चरित्र के प्रसार के साथ ही ग्राम के युवाओ को प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है।आयोजन के 62वे वर्ष मे प्रथम दिवस रामजन्म, ताड़िका वध, अहिल्या उद्धार प्रसंग , द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद व तृतीय दिवस सीताखोज, लंकादहन प्रसंग का भव्य मंचन किया जायेगा, 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जायेगा जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## पद्मनाभपुर में सजा दुर्गा व राम का दरबार



**दुर्ग (समय दर्शन)।** शहर के सर्वश्रेष्ठ बढ़े पंडालो में से एक जनता मार्केट पद्मनाभपुर में 30 साल से अलग अलग थीम में पंडाल में चालित झांकी का प्रदर्शन श्री नवयुवक दुर्गाउत्सव समिति द्वारा निशुल्क दर्शन व पार्किंग के साथ दर्शनार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है इस बार भी सम्पूर्ण ब्रम्हांड के स्वामी प्रभु श्री रामलला का दरबार की भव्य चलित झांकी दिखाई गई हैं जिसमे रामसीता स्वंयम्बर तड़का वध सबरी व रामेश्वर पूजा के साथ ही भव्य रावण वध व माई की कुटीया में माता दुर्गा विराजमान हैं समिती के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को पंचमी की महाआरती व नवमी 12 तारीख को महाभण्डारा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।







## बसना मे अग्रसेन जयंती समारोह धूम धाम से मनाया गया



**बसना (समय दर्शन)।** बसना नगर में महाराज अग्रसेन जी की जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस बसना नगर मे अग्रसेन महाराज जी की जयंती प्रतिवर्षानुसार बडी धूम धाम से मनाया गया । इस दौरान बसना मे ग्यारह दिन पूर्व से ही खेल प्रतियोगिताएं शुरू हो गई थी।

अग्रवाल सभा द्वारा लूडो, बेडमिंटन, मटका फोड़, शतरंज, सामान्य ज्ञान, भाषण ,जलेबी दौड़ जैसी सौ से ज्यादा प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरुस्कार वितरण एक दिन पूर्व सम्पन्न हुआ। महाराज अग्रसेन जयंती के दिन सुबह मशाल दौड़, झण्डोत्तलन, पूजा आरती हुई।

तत्पश्चात बाइक रैली द्वारा जय अग्रसेन के नारों के साथ नगर भ्रमण किया गया। मध्याह्न मे प्रकाश मेडिकल व किसान ट्रेक्टर परिसर, शहीद वीर नारायण सिंह चौक में विशाल भंडारा, अग्रसेन जयंती के अवसर पर रखा गया,, जहाँ सैकड़ों लोगों ने अग्रसेन प्रसादी ग्रहण कर तृप्त हुए।

**अग्रसेन महाराज जी की अमर संदेशों की झाँकी आकर्षण का केन्द्र रहा :** संध्या 5 बजे महाराजा अग्रसेन जी की शोभायात्रा निकाली गई। फूल पताका से सजे धजे वाहन से अग्रसेन महाराज जी की समाज को दिए अमर संदेश प्रचारित प्रसारित किया जा रहा था। शोभायात्रा मे डी. जे. और ढ़ोल चार चाँद लगा रहे थे..। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी, हिन्दूत्व जागृति के प्रेरक बसंत अग्रवाल थे। जिन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में समाज को नई दिशा दी।

मुख्य कार्यक्रम मे सुनील अग्रवाल ,राकेश अग्रवाल, अरूण अग्रवाल सुमित अग्रवाल, बंसल जी गुवाहाटी,सौरभ अग्रवाल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष अजय अग्रवाल,राधेश्याम अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, जय नारायण अग्रवाल, जयभगवान अग्रवाल, डॉ गजानन अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अग्रवाल, उन्नति शाखा अध्यक्ष श्रीमती पिंकी अग्रवाल मंचासीन थे। अग्रवाल सभा के सचिव मनोज अग्रवाल एवं शालिनी अग्रवाल ने कुशल मंच संचालन किया ।

कार्यक्रम को सफल बनाने मेअग्रवाल सभा, मारवाड़ी युवा मंच के भावेश अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, मायूम उन्नति शाखा, अग्रवाल महिला मण्डल का विशेष योगदान रहा ।

**समाज के70वर्ष उम्र की माताओं का किया गया सम्मान-** इस बार अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर अग्रवाल सभा बसना द्वारा 70 साल प्लस वृद्ध महिला पुरुषों का सम्मान किया गया। जिसमें समाज के करीब 60 बुजुर्गों का सम्मान किया गया।

बुजुर्गों को पीलो पास गेम खिलाए गए। सभी वृद्धजनो को ससम्मान भोजन कराया गया और सभी को साल श्रीफल फूल माला से सम्मान कर आशीर्वाद लिया गया। सभी अग्र बंधु अपनी प्रतिष्ठाने बंद रखकर कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने किया पांडातराई में विकास कार्यों का भूमिपूजन व एक्सिस बैंक का उद्घाटन

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जनता की सेवा और पंडरिया विधानसभा के विकास के लिए सतत प्रयासरत पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने आज पांडातराई में 85 लाख रुपए के विकास कार्यों, अधोसंरचना विकास एवं सौंदर्यीकरण सहित जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों को बैंकिग सुविधा का उपलब्ध कराने हेतु उनके प्रयासों से नए एक्सिस बैंक शाखा का भी उन्होंने उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम रणवीरपुर में आयोजित सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के तहत हाई स्कूल परिसर में श्रमदान किया एवं वीरेंद्र नगर एवं कांपादाह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का लोकार्पण कर महिला समूहों से भेंट मुलाकात कर स्वच्छ भारत अभियान में उनके योगदान की प्रशंसा की।

विदित हो कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा पंडरिया नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्र में बड़े शहरों की भांति जनता को हर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। इन्ही प्रयासों के चलते नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ 50 लाख रुपए, नगर पंचायत पांडातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख एवं नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा मिल चुकी है। इसी कड़ी में आज भावना बोहरा ने



85 लाख रुपये के विकास कार्यों का पांडातराई में भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

इस दौरान विधायक भावना ने कहा कि समृद्ध पंडरिया बनाने का हमने जो संकल्प किया है, उसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी शहरी क्षेत्रों की भांति अधोसंरचना विकास, शहरों का सौंदर्यीकरण, पक्की सड़कें, पुल-पुलिया, बिजली एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति हो इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। आज पांडातराई में हुए इन सभी विकास कार्यों से जनता को सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित होगा। पंडरिया विधानसभा को छत्तीसगढ़ का सबसे विकसित व जनसुविधाओं से युक्त विधानसभा बनाने निरंतर प्रयास कर रहें हैं और इस प्रयास में जनता का सुझाव व मार्गदर्शन हमें प्राप्त हो रहा है। आज जो यह विकास की सौगात जनता को मिली है उससे क्षेत्रवासियों में भी खुशी स्पष्ट दिखाई दे रही है। उन्होने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विकास कार्य ठप्प पड़ें थे, जनता को मूलभूत सुविधाएँ नहीं मिल रही थी।

इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई में एक्सिस बैंक की नई शाखा का शुभारंभ कर एक्सिस बैंक की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरी अनुशंसा पर उनके द्वारा पांडातराई में नई शाखा खोली गई। इसके पूर्व ग्राम रणवीरपुर में भी क्षेत्रवासियों को बेहतर बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैंकिग शाखा शुरू करने की अनुशंसा की थी और बैंक खुल भी गया, जिससे किसानों व क्षेत्रवासियों को लाभ मिल रहा है। आज पांडातराई में भी इस बैंक शाखा के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को त्वरित एवं बेहतर बैंकिग सुविधा मिलेगी और उनके समय की भी बचत होगी।

## खबर-खास

### कोयलारी सरपंच ने स्टे मिलने पर पुन: संभाला सरपंच पद



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** जिला प्रशासन द्वारा तथा कथित आर्थिक अनियमितताओं के आरोप में पद से बर्खास्त की गई ग्राम पंचायत कोयलारी की सरपंच को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत देते हुए बर्खास्तगी पर स्टे दे दिया है। इसके बाद ग्राम सरपंच श्रीमती उत्तरा बाई साहू ने दो अक्टूबर को पुन: ग्राम पंचायत कोयलारी के सरपंच का पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करते हुए ग्राम सरपंच उत्तरा बाई साहू ने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस समर्पित सरपंचों पर भाजपा के दबाव के चलते प्रशासन द्वारा बेवजह धारा 40 के तहत कार्यवाही कर उन्हें पद से बेदखल किया जा रहा है। उन्होने बताया कि उनके विरूद्ध भी षणयंत्र के तहत कुछ इसी तरह की कार्यवाही कराई गई थी। लेकिन उनके विरूद्ध लगाए गए तमाम आरोप बेबुनियाद व निराधार थे। यही वजह है कि उन्होने न्यायालय की शरण ली और उन्हें न्यायालय से न्याय मिला है।

### पटेल चौक से तहसील कार्यालय पुराना पुलिस थाना,हॉस्पिटल क्षेत्र तक सड़क किनारे निगम ने हटाया अतिक्रमण

**यातायात को सुचारू बनाए रखने निगम की कवायद, अतिक्रमणकारियों को कब्जा नहीं करने दी चेतावनी**




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी दीपावली त्योहार की खरीददारी को देखते हुए यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए शहर के पटेल चौक मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने निगम प्रशासन द्वारा शुक्रवार को पटेल चौक क्षेत्र के आस पास से पुराना दुर्ग थाना के पीछे से होकर इंदिरा मार्केट,हॉस्पिटल क्षेत्र मरचुरी लाइन तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाही लगभग 3 घंटे चली इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी व राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, तहसीलदार श्रीमती क्षमा यदु,बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा,सहायक अतिक्रमण अधिकारी योगेश सूरे,राजू बक्शी,यातायात पुलिस राजेश देशमुख सहित तोड़ू दस्ता अमले के साथ पहुँचे। इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस दी गई।हॉस्पिटल मरचुरी लाइन,पटेल चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा,सड़क किनारे बांस बल्ली से तंबू लगाकर दुकान कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमार्ग के सामने फुटपाथ मोबाइल कवर दुकान, कपड़ा बेचने वालों सहित आस-पास से ठेले खोमचे को हटाया गया।निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नही तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाही के दौरान निगम तोड़ू दस्ता अमला मौजूद रहें।

# शिक्षा विभाग में उच्चाधिकारियों की दोहरी नीति - राहुल सिन्हा

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** युवा कांग्रेस के जिला महासचिव कवर्धा राहुल सिन्हा ने बताया कि एक तरफ शालाओं में शिक्षकों की कमी के कारण युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया अपनाई जा रही है, वहीं दूसरी तरफ उन्हें स्कूलों में पढ़वाना छोड़ प्रशासनिक पदों में प्रभारी बनाया जा रहा है। इससे विभाग की कथनी और करनी का अंतर साफ दिखाई देता है। पढ़वाना छोड़ शिक्षकों को प्रभारी अधिकारी बनाये जाने पर हाई कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए शपथ पत्र मांगा है।

जिला महासचिव श्री सिन्हा ने कहा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा व्याख्याताओं को शालाओं से निकाल कर विभाग के प्रशासनिक पदों पर प्रभारी बनाए जाने पर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने शिक्षा विभाग से शपथ पत्र मांगा है। दरअसल विकास खण्ड कवर्धा के इंदौरी में पदस्थ व्याख्याता दयाल सिंह ने संजय जायसवाल मूल पद व्याख्याता एल.बी. को प्रभारी बीईओ कवर्धा बनाए जाने के विरुद्ध शासन और संजय जायसवाल के विरुद्ध याचिका क्र डब्लू पी एस 8178/2022 दायर की थी जिसमें याचिकाकर्ता द्वारा जूनियर को प्रभारी बीईओ कवर्धा बनाए जाने के संबंध में शिकायत की गई थी, इस पर माननीय



उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित को शासन स्तर पर अभ्यावेदन देने एवम स्कूल शिक्षा विभाग को उक्त अभ्यावेदन को 4 सप्ताह के भीतर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया था। लेकिन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किए जाने पर याचिकाकर्ता दयाल सिंह व्याख्याता शा.हा.से. स्कूल इंदौरी वि.ख. कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा क्षुब्ध होकर अवमानना याचिका क्र. 779/2023 दायर किया था। उक्त आवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय हाईकोर्ट ने यह माना कि स्कूल शिक्षा विभाग के भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2019 के तहत व्याख्याता दयाल सिंह एवं वर्तमान में प्रभारी बीईओ संजय जायसवाल व्याख्याता एल.बी. दोनों प्रभारी बीईओ हेतु अपात्र हैं एवम व्याख्याता जो शैक्षणिक कार्यों के लिए नियुक्त हुए हैं उन्हे प्रभारी बीईओ बनाकर विभाग द्वारा मैनपावर का गलत उपयोग किया जा रहा है।

माननीय न्यायालय द्वारा छ.ग. में गिरते हुए शिक्षा स्तर पर नाराजगी जाहिर किया गया साथ ही साथ विभाग को शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया कि व्याख्याताओं को प्रभारी बीईओ बनाए जाने पर जो विसंगति या दुष्परिणाम हुए है उन्हें दूर करने हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं। साथ में यह भी बताएं कि वर्तमान में ऐसे कितने प्राचार्य एवं सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हैं जिन्होंने 5 साल पूर्ण कर चुके हैं जिसे विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का प्रभार दिया जा सकता हैं।

ज्ञात हो कि समय-समय पर माननीय उच्च न्यायालय छ.ग. ने अपने निर्णयों में भी व्याख्याता को वि.ख. शिक्षा अधिकारी हेतु कई बार अयोग्य घोषित किया है। याचिकाओं में पारित निर्णयों के परिपालन में विभाग द्वारा कई व्याख्याता/ प्रधानपाठक को विख शिक्षा अधिकारी के प्रभार से हटाते हुए शाला में पदस्थ भी किया है। परन्तु अभी भी 40 से अधिक स्थानों पर व्याख्याता और प्रधानपाठकों को बीईओ, सहायक संचालक और एबीईओ का प्रभार दिया गया है।

# भेलवा तालाब में सफाई लाईटिंग के साथ होगी सुबह-साम पुलिस की गस्त



**भिलाईनगर ( समय दर्शन )।** नेहरू नगर भेलवा तालाब हमेशा से शहर का आकर्षण का केन्द्र रहा है, वहां की प्राकृतिक बनावट सब के मन को लुभाता है। वहां पर शहर के हजारो लोग सुबह साम टहलने जाते है। वहां का तालाब और तालाब के किनारे का पेड़ एवं तालाब मे खेलते बतख, हंश आकर्षण का केन्द्र बने रहते है। निगम द्वारा वहां पर ओपन जिम भी लगाया गया है। जहां सुबह-साम सभी लोग व्यायाम करते है। कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा वहां पर अभद्रता किया जाता है। जानबुझकर निगम द्वारा लगाये गये लाईट को रात में तोड़ देते है। वहां चारो तरफलगी हुई जो जालियां है, उसे भी काट दिये है। इसकी शिकायत नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन, वार्ड पार्षद चंद्रेश्वरी बांधे द्वारा उसको पुन: व्यवस्थित करने की मांग की गई थी। आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैस ही यह बात आया उन्होने सुबह साम पुलिस गस्त, सफाई व्यवस्था, लाईटिंग एवं संधारण हेतु निर्देशित किए। अभी वहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। लाईट को व्यवस्थित करने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये है। बाकी संधारण का कार्य भी शीध्र किया जाएगा। सफाई व्यवस्था देखकर पार्षद चंदेश्वरी बांधे एवं नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन के देवेन्द्र भाटिया ने प्रशन्नता व्यक्त की और साथ ही सफाई, लाईट संधारण, पुलिस गस्त के साथ एक समय सारणी के साथ चैकीदार नियुक्त करने को कहा। जो निर्धारित समय पर भेलवा तालाब का गेट सुबह साम खोल और बंद करें। जिससे असमाजिक तत्वो का आना-जाना बंद हो।

# सांसद पांडेय ने झंडी दिखाकर भाजयुमो रथ को रवाना किया



**अस्सी हजार नए सदस्य बने**

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम का सदस्यता रथ यात्रा शुक्रवार को मां महामाया मन्दिर कवर्धा से विधिवत रथ की पूजा कर तथा मातारानी का आशीर्वाद लेकर रथ रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम मुख्य में प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू शहर भाजपा अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित थे। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू ने बताया कि यात्रा के जिले में सफल संचालन के लिए भाजयुमो प्रदेश मंत्री पीयूष ठाकुर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, प्रदेश मंत्री भाजयुमो जिला महामंत्री यात्रा प्रभारी सचिन गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यात्रा प्रभारी रवि राजपूत सहित 12 सदस्यीय टीम बनाई गई, जिसमें जिला महामंत्री योगेश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष अजय ठाकुर, मिथलेश बंजारे, जिला मंत्री नितीश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष अनिल साहू, मंडल महामंत्री दीपक ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी जिला मंत्री, हेमचन्द चंद्रवंशी मंडल अध्यक्ष, अमित वर्मा मंडल अध्यक्ष, अश्वन साहू मंडल अध्यक्ष, नरोत्तम साहू, मुकेश सेन ये सभी यात्रा का अपने अपने मण्डलों में नेतृत्व करेंगे। जिला अध्यक्ष श्री साहू ने बताया कि रथ यात्रा 5 दिन चलेगी, जिसमें सभी वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी के विचार धारा से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनो का भारत और भारत को 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए ये पूरा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके लिए भाजयुमो कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा कार्यकर्त्ता बनाएंगे। श्री साहू ने कहा कि जिला भाजपा का जो एक लाख पचास हजार का लक्ष्य है उसको पूरा किया जाएगा। जिले में अभी तक अस्सी हजार सदस्य बन चुके हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से जिले के अनेक ब्लैक स्पॉट को बनाया गया स्वच्छ एवं सुंदर

**बालोद ( समय दर्शन )।** स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से गंदगी के जमावड़ा वाले ब्लैक स्पॉटो का समुचित साफ-सफाई कर उन्हें स्वच्छ एवं सुदर बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक लगातार चलाए गए स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में निरंतर जारी स्वच्छता अभियान के दौरान जिले के अनेक ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उन्हें पूरी तरह से स्वच्छ एवं सुंदर बनाकर इन स्थानों का कायाकल्प किया गया है। इस दौरान जिले के सभी नगरीय निकायों में कचरे के जमाव वाले स्थानों तथा साफ-सफाई के अभाव वाले ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर उनकी समुचित साफ-सफाई की गई है। इसके साथ ही उक्त स्थानों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए आकर्षक वॉल पेंटिंग किया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज से कुछ दिन पूर्व तक कचरों के जमाव रहने वाले यह स्थान वर्तमान में बहुत ही स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक लग रहे हैं।



## न्यायालय नायब तहसीलदार पिपरिया तहसील पिपरिया जिला-कबीरधाम

**ईकोर्ट प्रकरण कमांक/ब-121/वर्ष 2023-24 ग्राम झिरौनी प0ह0नं0-25**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घुरूवाराम कौशिक पिता चिन्ताराम - निवासी ग्राम झिरौनी तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने माता अमोलाबाई पति चिन्ताराम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के माता की मृत्यु दिनांक 10.02.1995 को ग्राम झिरौनी में हुआ है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख 17.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया ।

**पेशी दिनांक - 17.10.2024**

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**पिपरिया**

## न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409101000142

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी: राजस्व
सन:-2023-2024
कुरूद प.ह.न. 00046 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- श्रीमती उषा देवी. अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

आवेदक - श्रीमती उषा देवी पिता/ पति विभाग- राजकुमार पता एसीसी चौक नंदनी रोड भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न. 46. रा.नि.म कोहका, तहसील व् जिला दुर्ग की भूमि ख.न. 1560/94 रकबा 0.0054 हे./ 600 वर्गफीट भूमि को विक्रेता श्रीमती प्रभारानी साहू पति रविन्द्र कुमार साहू से क्रय किया गया था। उक्त भूमि पटवारी अभिलेख में आवेदक का नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है। जिसे त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/10/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पक्षात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/09/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर


# भाजयुमो का सदस्यता रथ यात्रा आज से 11 अक्टूबर तक गांव गांव पहुंचेगी

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिला सदस्यता रथ यात्रा 4 अक्टूबर सुबह 9 बजे मां महामाया मन्दिर प्रांगण से प्रारंभ होगा, जो यात्रा पुरे 5 दिन जिले के 14 मंडल में यात्रा अलग अलग गांव शहर महाविद्यालय कोचिंग संस्था बाजार सार्वजनिक स्थान में जाकर युवा महिला पुरूष बहनों और हर जाति समाज हर वर्ग के लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को लेकर सशक्त भारत बनाएंगे।

जिलाध्यक्ष भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने बताया कि एक सशक्त राष्ट्र के लिए एवं देश में किए गए ऐतिहासिक कार्य चाहे वह धारा 370 हो या गरीबों के लिए पुरे देश में 4 करोड़ आवास हो, चाहे वह 12 करोड़ शौचालय माताओं बहनों की इज्जत को ध्यान में रखते हुए किए गए कार्यो को और आजादी के बाद 2014 तक इस देश में मात्र 6 एम्स था मोदी जी ने मात्र 10 वर्षो में 14 एम्स इस देश के गरीबों को समर्पित किया।

आज देश में हर वर्ग के लोग भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने के लिए आतुर है आज भारत मोदी



जी के नेतृत्व में और ससक्त और मजबूत हुआ है आज 2023 में भाजपा के सरकार बनने के बाद किसानों को 3100 धान और माताओं के 1000 रुपए प्रति माह विष्णु देव की सरकार द्वारा दिया जा रहा है। आज 16 लाख आवास गरीबों के लिए भाजपा की सरकार विष्णु देव की सरकार दे रही है, जिससे पुरे गांवों में खुशी की लहर है। इस अभियान में प्रमुख रूप से भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री यात्रा प्रमुख सचिन गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य यात्रा प्रमुख रवि राजपूत, यात्रा सूचना प्रभारी खिलेश्वर साहू, तुकेष चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष राजकुमार मेरावी, अजय ठाकुर मीडिया प्रभारी नीतीश चंद्रवंशी, सदस्यता प्रमुख हेमचन्द चंद्रवंशी, वाहन प्रमुख अमित वर्मा, वाहन प्रमुख नरोत्तम साहू भोजन प्रमुख अश्वन साहू सदस्यता प्रमुख मोहन ठाकुर भोजन प्रमुख जलेश्वर वर्मा यात्रा सूचना प्रमुख राजेश दिवाकर यात्रा सोशल मीडिया प्रभारी अजय यादव सोशल मीडिया प्रभारी ये सभी इस यात्रा में पुरे समय रहेंगे



## Name Change

It is informed to the general public that I am Arif Mohammed S/o late Munir Mohammad Resident of H. No. 307/1 Near Kiran Dewangan Parshad ward No 41. Durg (C.G,) Pin 491001

Have changed my old name Arif Mohammad s/o late Munir Mohammad So in future I Should be Recognized by my new name that is Arif Mohammed s/o late Munir Mohammad in all goverment and other Documents.

**Arif Mohammed s/o late Munir mohammad ward no.41 Durg (C.G)**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) दुर्ग, जिला दुर्ग

| रा.प्र.क्र. / ऑनलाईन रजि.नं. | पक्षकार का नाम |
|---|---|
| 202409100400370/ अ-2/सन् 2023-24 | विकास कुमार |

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिक विकास कुमार आ. कृष्ण देव प्रसाद निवासी- कोल्हापुर महाराष्ट्र द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन / पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

| ग्राम/प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है | खसरा नम्बर | रकबा ( क्षेत्रफल ) | | प्रस्तावित प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| | | हेक्टेयर | वर्गफीट | |
| ग्राम- उमरपोटी प.ह.नं.- 52 38 तहसील व जिला दुर्ग | 1001/9 | 0.021 | 2266 | आवासीय प्रयोजन |

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं । नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**दुर्ग, जिला दुर्ग**

# जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी, जीवनदीप समिति ने कलेक्टर को सौंपा मांगपत्र



**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला अस्पताल में लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है,लेकिन चिकित्सकों की कमी की वजह से इन सुविधाओं का मरीजों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस समस्या के फ्लस्वरुप जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर ने शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर जिला अस्पताल में चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति करने की मांग की है। इस संबंध में उन्होने कलेक्टर को मांगपत्र भी सौंपा है। जिसमें चिकित्सकों की कमी से जिला अस्पताल में उत्पन्न होने वाली समस्याओं का प्राथमिकता से जिक्र किया गया है। सौंपे गए मांगपत्र के माध्यम से दिलीप ठाकुर ने बताया है कि जिला अस्पताल 500 बिस्तर क्षमता वाला अस्पताल है। यहां प्रतिदिन ओपीडी में 1000 से अधिक मरीज ईलाज के लिए आते है। खासकर सोमवार को मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि रहती है, किन्तु जिला अस्पताल में लंबे समय से चिकित्सकों की कमी की समस्या बनी हुई है। जिसकी वजह से मरीजों को सुविधाओं व सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सकों की कमी वजह से खासकर अस्पताल का आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा फेफड़े की क्षमता जानने की मशीन स्पायरो मीटर का संचालन बंद पड़ा हुआ है। फेफड़े की रोगियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसकी वजह से मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ता है। यह जांच महंगी है। जिसके चलते गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। मांगपत्र सौंपने के दौरान जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-खबर

### विद्यालय में अव्यवस्था देख बीईओ ने जारी किया वेतन रोकने का नोटिस



**पाटन (समय दर्शन)।** बीईओ प्रदीप कुमार महिलागें ने विद्यालयों का भौतिक व शैक्षणिक स्तर परखने आज प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोड़पेण्ड्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चें शाला परिसर के साथ शाला के बाहर घूमते हुए मिले।जिसके लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक को सख्त हिदायत देते हुए शाला समय तक गेट में ताला लगाने का कड़ा निर्देश दिया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर पिछले माह 24 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक बिना आनलाइन आवेदन व विकास खण्ड कार्यालय को सूचित किए बग़ैर अवकाश पर रही है, जो सिविल सेवा आचरण के प्रतिकूल है, जिसके कारण श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन रोकने का कार्यवाही अनुशंसा किया गया। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति औसत पाया गया, उपस्थिति बढ़ाने के लिए निर्देश देते हुए शैक्षणिक स्तर को कैसे बेहतर करना है और इसके लिए शिक्षक कैसे शैक्षणिक माहौल तैयार करें पर कड़ाई से निर्देश देते हुए अव्यवस्था को तत्काल सुदृढ़ करने निर्देशित किया।

### सूरज यदु ने बढ़ाया यादव समाज का गौरव, राज्य स्तरीय भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया, समाज के लोगो ने दी बधाई



**पाटन (समय दर्शन)।** ग्राम आमालोरी निवासी तुला राम यादव के सुपुत्र सूरज यदु ने दुसरी बार राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया है। पाटन में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में सूरज ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए कई खिलाड़ी को पछाड़ते हुए रजत पदक प्राप्त किया। सूरज को इस उपलब्धि पर उनके परिवार के साथ ठेठवार यादव समाज पाटन राज के अध्यक्ष ईश्वर यादव, अश्वनी यादव, मीडिया प्रभारी ओर पूर्व उपाध्यक्ष पाटन राज बलराम यादव, कोच संतोष यादव, बबलू यदु सहित अन्य ने बढ़ाई देते हुए सुरज के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जोगी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के कवर्धा दौरे में शामिल हुए राजनांदगांव जिलाध्यक्ष शमसुल आलम




**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी के साथ कवर्धा दौरे में शामिल हुआ, जिसमें अमित जोगी ने जेल जाकर लोहारीडीह में गिरफ्तार किए गए ग्रामीणों से जेल जाकर मुलाकात की और विश्राम गृह में प्रेस वार्ता ली। प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर खान, संगठन मंत्री सौरभ झा, कवर्धा जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी, जिलाध्यक्ष रायपुर संदीप यदु आदि कवर्धा जिले के समस्त पदाधिकारी उपस्थित हुए।

### पिछले 37 वर्ष से व्यापारी संघ दुर्गोत्सव समिति पुराना बस स्टैंड पाटन कर रहे नवरात्र में विशेष आयोजन, 8 अक्टूबर को होगी रंगझाझर की प्रस्तुति

**पाटन।** व्यापारी संघ दुर्गा उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड पाटन इस बार भी हर्षोल्लास से दुर्गा पूजा उत्सव मना रहा है । पिछले 16 साल से लगातार समिति के अध्यक्ष बन रहे पूर्व पार्षद एवं भाजपा नेता राज देवांगन ने बताया कि इस वर्ष मां दुर्गा की पूजा उपासना में समिति के सभी पदाधिकारी के अलावा नगर के लोग जुटे हुए हैं। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में 8 अक्टूबर को रात्रि में 9:00 बजे से रंग झांझर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी जाएगी। मूर्ति स्थापना का यह 37 वा वर्ष है।

## अहिवारा विधानसभा में नवरात्रि में उचित व्यवस्था को लेकर शिव सैनिकों ने विधायक कोर्सेवाडा को सौंपा ज्ञापन



**अहिवारा (समय दर्शन)।** शिवसेना भिलाई जिला प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि हिंदू महापर्व नवरात्रि की पावन पर्व पर अहिवारा विधानसभा की उचित व्यवस्था के संबंध में अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोढ़ सेवाड़ा और नगर पालिका परिषद के मुख्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अहिवारा के शिव सैनिकों ने क्षेत्र के विषय में कहा कि हम पिछले कई सालों से नवरात्रि की पावन पर्व पर और ऐसी कई आयोजनों पर आप नगर के मुख्य हो और यह नगर आपका घर है नगर में अच्छा वातावरण रहे इस विषय में हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि अहिवारा की व्यवस्था पूरी तरह ढप हो चुकी है जिसमें आप कड़ी एक्शन ले हमारे प्रमुख मांगे यह हैं कि

नगर में जितने भी माता रानी की पंडाल है उसके आसपास स्वच्छता वह पानी की व्यवस्था साफसुधरी रहे ।

अहिवारा नगर में पूर्ण रूप से भारीवाहन प्रतिबंध लग जाए ।

नवरात्रि के पावन पर्व पर बिजली विभाग द्वारा पूर्ण रूप से शाम 4:00 बजे से रात्रि 3:00 बजे तक लाइट की व्यवस्था रहे।

नगर में जितने भी गली मोहल्ले हाईवे रोड पर स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है चालू रहे।


अहिवारा नगर हाईवे रोड पर जितने भी माता रानी का पंडाल हैं उस स्थान में हर एक पंडालों में पांच बैरिकेड की व्यवस्था करें!

अहिवारा नंदिनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जितने भी सीसीटीवी कैमरे हैं पूर्ण रूप से चालू कराऐ। अहिवारा नगर के हाईवे रोड पर रेलवे क्रॉसिंग से मां शीतला माता मंदिर तक रोजाना सुबह-शाम को पानी टैंकर से जल डालने का कष्ट करें ताकि नवरात्रि में पैदल यात्रा चलने वालों को आराम मिले।

माता रानी का विसर्जन के तालाबों के आसपास पुलिस की व्यवस्था करें । क्षेत्रअहिवारा कि यह नवरात्रि महापर्व शांति व्यवस्था सफ्ल हो जाएं अन्यथा हम शिव सैनिक यह नवरात्रि के बाद उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की रहेगी इस कार्यक्रम में शिव सैनिक गण उपस्थित थे।

## आनंद सरोवर बघेरा में गणमान्य नागरिको के लिए स्नेह मिलन समारोह आज

### निःशुल्क राजयोग पांच दिवसीय शिविर का आयोजन 7 से



**दुर्ग (समय दर्शन)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में दुर्ग शहर के गणमान्य नागरिकों के लिए 5 अक्टूबर को शाम 7 बजे स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन किया गया है । इस आयोजन में ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू (राजस्थान) से ब्रह्माकुमार आत्म प्रकाश भाई का शुभागमन हो रहा है ।

आदरणीय आत्मप्रकाश भाई जी ने नागपुर, महाराष्ट्र से सन 1972 में ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त किया एवं सन 1973 में नागपुर विश्वविद्यालय से भौतिक शास्त्र में गोल्ड मेडल के साथ एमएससी की डिग्री ली। सन 1976 में मधुबन माउंट आबू में आपने अपना संपूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवार्थ समर्पित कर दिया। रेडियो एवं दूरदर्शन में आपकी अनेकों इंटरव्यू प्रसारित हुए हैं। विश्व के पांचो महाद्वीप एशिया, अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया आदि की 95 से अधिक देशों में आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग की शिक्षा से हजारों लोगों को लाभान्वित किए हैं। युवा प्रभाग के आप मुख्यालय संयोजक हैं ।

इस कार्यक्रम के पश्चात 7 अक्टूबर 2024 से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर एवं राजऋषि भवन केलाबाड़ी दुर्ग में पांच दिवसीय निःशुल्क राजयोग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका समय प्रातः 7:30 से 8:30 व 9 से 10 तथा संध्या 6:30 से 7:30 तक रहेगा । जिसमें अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय में से एक घंटा राजयोग मेडिटेशन का लाभ ले सकते हैं ।

# विराट नगर में विराट स्वरूप में हुआ माँ दुर्गा का आगमन

- नवरात्र के 9 दिवसीय कार्यक्रम में 13 अक्टूबर तक होंगे विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन





**दुर्ग (समय दर्शन)।** विगत तीन वर्षों की तरह इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में 3 से 13 अक्टूबर तक विराट नगर बोरसी दुर्ग में जनजागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्र उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष किशोर शर्मा तथा सचिव महावीर साहू ने बताया कि 3 अक्टूबर को प्रातः कलश पूजन सहित विधिविधान से मूर्ति स्थापना की गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे ।उन्होंने ने बताया कि माताजी के आगमन के कारण विराट नगर बोरसी वासी भक्तिभाव,श्रद्धा तथा आनंद के साथ झूम उठे। वंही नवरात्र में होने वाले नौ दिनों के कार्यक्रमों के लिए जुटे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि विराट नगर में बहुत ही कम समय में मां अम्बे की कृपा से यह आयोजन विराट रूप ले लिया है। इसकी चर्चा पूरे शहर होती है । 9 दिनों के इस पूजन कार्यक्रमों में संपूर्ण बोरसी सहित पूरे शहर से भक्त हिस्सा लेने आते हैं । नवरात्र के इस उत्सव के दौरान विविध कार्यक्रम का आयोजन भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किया जा रहा है। जिसके तहत बाल प्रतिभाओं को यहाँ एक मंच प्रदान किया जाएगा। वहीँ नृत्य प्रतियोगिता, मंत्रोच्चार संध्या, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता तथा महिलाओं के लिए गरबा नृत्य तथा पारंपरिक वेशभूषा तथा विविध कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है।इसके साथ ही जस गीत तथा पंडवानी के द्वारा भक्ति का संदेश जनमानस तक पहुंचाने का अनवरत प्रयास जारी है। माता के विशेष कार्यक्रमों में एकता मानस परिवार काकेतरा राजनांदगांव द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम के साथ गरबा नृत्य 5 अक्टूबर को, नृत्य प्रतियोगिता 12 वर्ष उम्र तक के लिए 6 अक्टूबर , रंगोली व चित्रकला व जस झांकी 7 अक्टूबर, नृत्य प्रतियोगिता 13 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए 8 अक्टूबर को महिलाओं व बच्चों के लिए गरबा प्रतियोगिता , 9 अक्टूबर संध्या 7 बजे बच्चों के लिए मंत्रोपचार प्रतियोगिता , 10 अक्टूबर महिलाओं द्वारा छत्तीसगढ़ पारम्परिक लोकनृत्य व बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता ,11अक्टूबर हवन प्रातः 9 बजे कन्या भोज दोपहर 12 व महा भंडारा 1 बजे से महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता संध्या 8 बजे से 12 अक्टूबर शनिवार संध्या 7 बजे महिलाओं व बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता होगा। 13 अक्टूबर को शोभायात्रा व मूर्ती विसर्जन किया जाएगा।

बताया गया कि इस आयोजन को वृहद व सफ्ल बनाने सरंक्षक अनुज राम साह, ए. डी. टंडन,डॉ.कृष्ण कुमार पाटिल, पोषण लाल साहू, पन्ना लाल साह,अध्यक्ष किशोर शर्मा, उपाध्यक्ष खिलू राम साहू,

विजय यादव,श्रीमती हेमलता साहू,सचिव महाबीर साहू, सहसचिव संजय अष्टकर संगठन सचिव शशि कुमार साहू कोषाध्यक्ष राकेश साहू, सहकोषाध्यक्ष खिलेश साहू, सांस्कृतिक मंडल खिलावन निषाद, डी. आर. सिन्हा,भोज लाल हिरवानी, सांस्कृतिक मंडल (महिला) श्रीमती सुमति सिन्हा ,श्रीमती वर्षा साहू , श्रीमती खेम साहू युवा प्रकोष्ठ मंडल मनेंद्र साहू, विनय गजपाल शैलेश देवांगन, निखिल साहू आयुष साहू,अक्षत ठाकुर , वहीं फोटोग्राफी एवं मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर, विजय गौतम , अभिषेक साह, सलाहकार, शंकर लाल यादव, सौरभ साहू, सुरेश साहू, संतोष कुमार, युगल किशोर साहू, भोला राम साहू, डी. एस. ठाकुर सहित समस्त विराट नगर वासी जुटे हुए हैं।

## शक्ति, साहस और अच्छाई की ओर प्रेरित करती है माँ दुर्गा : जगजीत सिंह भाटिया



**छुरिया (समय दर्शन)।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बैरागीभेड़ी और ग्राम केकतीटोला में क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम बैरागीभेड़ी टिपागढ़ मंदिर व ग्राम केकतीटोला में मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना पर श्री भाटिया ने ज्योत प्रज्वलित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय सिन्हा महामंत्री, किशोर यादव अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री, श्रीमती तीजन बाई मानिकपुरी जनपद सदस्य, भुखन धनकर युवा मोर्चा महामंत्री उपस्थित रहे। श्री भाटिया ने आगे कहा कि दुर्गा नवरात्रि में माता दुर्गा की पूजा व उपासना की जाती है, जो शक्ति और साहस की प्रतीक है। नौ दिनों तक माता की अलग-अलग रूपों में उनकी पूजा की जाती है। गरबा डांडिया रास जैसे नृत्य किये जाते है और कुछ लोग उपवास भी रखते है, हिंदूओं का नवरात्रि एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जो नौ रातों व दस दिनों तक चलता है अच्छाई पर बुराई की जीत, जिन्होंने महिसासुर नामक राक्षस को पराजित किया था, जिसे दशहरा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्राम बैरागीभेड़ी से हेतराम साहू, संतोष गजपल्ल, गोपेंद्र राव, प्रेमलाल साहू, धन्नू धनकर एवं ग्राम केकतीटोला से पेमेन्द्र यादव, मंगलू परतेती, शंकर मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासीगण उपस्थित थे।

# शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कर किया जा रहा था प्लाटिंग, समय दर्शन में खबर प्रकाशन के बाद एसडीएम के निर्देश पर लगा शासकीय जमीन का बोर्ड, मौके पर पहुंचे थे नायब तहसीलदार

**बलराम यादव 9893363894**




**पाटन (समय दर्शन)।** पाटन विकासखंड के ग्राम सांकरा में शासकीय जमीन को अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने की नीयत से मुरूम डालकर रास्ता बनाया जा रहा था। इस खबर को समय दर्शन ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था । इसके बाद खबर पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव ने तत्काल नया तहसीलदार भूपेंद्र सिंह को मौके पर जाने के निर्देश दिए। मौके पर जाने के बाद अज्ञात व्यक्ति के नाम नोटिस चस्पा किया गया है। साथ ही साथ वहां पर शासकीय भूमि होने का बोर्ड भी लगा दिया गया है । अभी तक यह ज्ञात नहीं हुआ है कि उक्त जगह पर कौन मुरूम डालकर कब्जा कर रहा था।

ग्राम सांकरा में खमहरिया रोड के बाजू में ही लगभग तीन एकड़ भूमि पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। वहां पर बड़ी मात्रा में मुरूम डालकर समतल किया जा रहा था। वहीं अवैध प्लाटिंग करने के नियत से वहां रोड रास्ता भी बनाया जा रहा था । इसकी खबर प्रकाशित होने के बाद राजस्व विभाग तत्काल हरकत में आया और खबर प्रशासन के तुरंत बाद ही ने एसडीएम पाटन ने नायब तहसीलदार को मौके पर जाने के निर्देश दिए। नायाब तहसीलदार मौके पर पटवारी को लेकर पहुंचे तब वहां पर कोई नहीं था। साथ ही साथ गांव के किसी को भी यह जानकारी नहीं है कि अवैध कब्जा कौन कर रहा है। इसके बाद राजस्व विभाग ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए उक्त स्थल पर नोटिस चश्मा भी कर दिया है। वहीं उक्त स्थल पर शासकीय भूमि होने का बोर्ड भी लगाया जा चुका है। इस तरह से शासन की लाखों की भूमि को कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था जिसे अब प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद बचाया जा सका है। जानकारी मिली है की अभी भी उस जगह पर रात को कुछ लोग आते हैं और वहां पर बहुत सारे जगह पर घूम कर देख कर वापस चले जाते हैं। बता दे की ग्राम पंचायत के द्वारा भी पहले ही इसकी शिकायत की जा चुकी है। मौके पर नोटिस चश्मा किया है जिसमें लिखा गया है कि संबंधित भूमि पर अगर किसी को कुछ जानकारी देनी है तो वह तीन दिवस के भीतर नायब तहसीलदार पाटन के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। वहीं ग्राम के सरपंच सचिव एवं पटवारी को भी मौखिक रूप से निर्देश दिया गया है कि उक्त जगह पर नज़रें बनाए रखें साथ ही साथ अगर जानकारी मिलती है की कौन वहां पर अवैध कब्जा कर रहे हैं तो उसकी जानकारी तत्काल राजस्व विभाग को दे। बहरहाल अभी तक उस स्थान पर कब्जा करने वाले लोग सामने नहीं आए हैं।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर ( छ.ग. ) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24